

# देशबन्धु



वर्ष – 7 । अंक – 337 । नर्मदापुरम, शुक्रवार 14 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

सार संक्षेप

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दीं होली की शुभकामनाएँ

### शांति-सद्भाव से त्यौहार मनाने की अपील

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को रंगों के पर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा है कि राग-रंगों का यह पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और आनंद लेकर आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से होली की पवित्र अग्नि में सभी नकारात्मक तत्वों को समर्पित कर जीवन में मंगल और शुभता का वरदान मांगने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि होली पर हम सभी देश और समाज के प्रति अपने अमूल्य योगदान की सिद्धि का संकल्प लें। साथ ही यह अपील की है कि वे इस पावन पर्व को आपसी सद्भाव, प्रेम और भाईचारे के उत्सव के रूप में मनाएं।

### शुभकामनाएं

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों शुभचिंतकों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। आज का अंक रंग और तरंग में निकला है। खबरें चीन्ह-चीन्ह कर पढ़ें।

- संपादक

### अवकाश सूचना

होली पर्व के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 14 मार्च को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक रविवार 16 मार्च को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक




### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- होली और रमजान पर जुमे की नमाज को लेकर देश के कई हिस्सों में काफी सर्तकता बरती जा रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**- वोटों की लड़ाई जब सद्भाव तार-तार कर दे तो लाठी गोली ही सहारा रह जाती है।

# रेडीमेड गारमेंट का कार्य करने वाली लाड़ली बहनों को 5000 का इंसेंटिव देगी सरकार : मुख्यमंत्री

## एक साल में 61 हजार युवाओं को दी नौकरी

- ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत आगे प्रदेश
- निवेशकों के लिए फैसिलिटेशन केंद्र बनाए
- 25 हजार गांवों में दूध उत्पादन समितियों का गठन होगी



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा में बजट सत्र में गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की गई। इसमें सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कोई लाड़ली बहन अगर रेडीमेड गारमेंट में काम करेगी तो उसे 5000 प्रति महीना इंसेंटिव दिया जाएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक साल में 61 हजार युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। एक लाख पदों पर भर्ती की जा रही है।

6440 पदों पर नियुक्ति का निर्णय ले लिया गया है। इस पर विधायक सचिन यादव ने कहा कि ओबीसी को नियुक्ति देने में देरी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने जवाब दिया कि कोर्ट के आदेश का इंतजार है। स्वास्थ्य सूचकांक में मध्यप्रदेश देश में नंबर एक स्थान पर आया है। नीति आयोग ने मध्यप्रदेश को परफॉर्मर राज्यों की श्रेणी में शामिल किया है।

**उज्जैन में एक साल में 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे**-मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उज्जैन में 29 लाख श्रद्धालु आते थे, आज 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु एक साल में महाकाल महालोक पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं ज्यादा पिक्चर नहीं देखता, नाम भूल जाता हूं लेकिन मध्यप्रदेश में फिल्म पर्यटन बढ़ रहा है। यहां फिल्में बनने लगी हैं। मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने का निर्णय सरकार ने लिया है। इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। सीएम ने कहा कि स्वच्छता के लिए प्रदेश स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा कराएंगे ताकि स्वच्छता को लेकर आपस में होड़ बने और शहर-गांव अधिक स्वच्छ बनें। 1100 से अधिक गांवों में अटल ग्राम सेवा केंद्र बनाए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत 1340 किलोवाट का है, जो मध्यप्रदेश में ही 1365 किलोवाट है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के माध्यम से सोलर एनर्जी पर एक ज्वाइंट वेंचर प्रोग्राम चल रहा है। जिसमें 6 महीने बिजली एक स्टेट लेगा, फिर 6 महीने दूसरे स्टेट को बिजली मिलेगी। 18 हजार करोड़ की इंदौर मनमाड नई रेल लाइन डाली जाएगी, जिससे धार-बड़वानी जिलों को रेल सुविधा मिलेगी। भोपाल और इंदौर के बीआरटीएस को हटाने के मामले में सरकार ने निर्णय लिया है। एक साल में राज्य परिवहन सेवा शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-2003 तक प्रदेश में उद्योगों की संख्या 23 थी, जो अब बढ़कर 320 हो गई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जितने भी निवेश के प्रस्ताव आए हैं, उनके लिए जिला स्तर पर इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन केंद्र बनाए हैं।

### बजट 28 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने की तैयारी

### कांग्रेस के लोग खा गए टाइगर

मुख्यमंत्री ने कहा कि चीते से मिलने जाना हो तो कांग्रेस के लोग श्योपुर चले जाएं, वहां मिलवा देंगे। वर्ष 1919 में खुले माधव नेशनल पार्क में जितने भी टाइगर थे, वे सब कांग्रेस के लोग खा गए। अब हमारी सरकार ने फिर से यहां टाइगर छोड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन पर्यटन के लिए जहां 2003 तक 64 लाख टूरिस्ट ही आते थे, आज की स्थिति में 13 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आ रहे हैं।

## पेपर लीक को लेकर राहुल का केंद्र पर हमला

# 85 लाख छात्रों का भविष्य खतरे में

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** लगातार हो रहे बोर्ड और अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने इसे व्यवस्थागत विफलता बताया। साथ ही गंभीर समस्या करार देते हुए सभी पार्टियों और सरकारों से मिलकर इसका समाधान खोजने पर जोर दिया।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि छह राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य खतरे में है। पेपर लीक हमारे युवाओं के लिए सबसे खतरनाक पद्मव्यूह बन गया है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि पेपर लीक मेहनती छात्रों और उनके परिवारों को अनिश्चितता और तनाव में धकेल देता है। उनके परिश्रम का फल उनसे छीन लेता है। साथ ही यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

उन्होंने कहा कि अभी एक साल भी नहीं हुआ जब नीट पेपर लीक ने देश को झकझोर दिया था। हमारे विरोध के बाद मोदी सरकार ने नए कानून के पीछे छिपकर उसे समाधान बताया, लेकिन इतने सारे हालिया लीक ने उसे भी विफल साबित कर दिया। राहुल गांधी ने दावा किया कि यह गंभीर समस्या एक व्यवस्थागत विफलता है। इसका खात्मा सभी राजनीतिक दलों और सरकारों को मतभेद भुलाकर मिलकर कड़े कदम उठाकर करना होगा। इन परीक्षाओं की गरिमा बनी रहना हमारे बच्चों का अधिकार है और इसे हर हाल में सुरक्षित रखना होगा।



**पद्मव्यूह का फिर किया जिक्र**-राहुल गांधी ने फिर पद्मव्यूह का जिक्र किया। संसद के मानसून सत्र में भी कांग्रेस नेता ने पद्मव्यूह शब्द का जिक्र किया था। राहुल गांधी ने कहा था कि हजारों साल पहले कुरूक्षेत्र में 6 लोगों ने अभिमन्यु को 'चक्रव्यूह' में फंसा कर मारा था। मैंने थोड़ा रिसर्च किया और पता चला कि 'चक्रव्यूह' का दूसरा नाम होता है 'पद्मव्यूह'- जिसका अर्थ है 'कमल निर्माण'। 'चक्रव्यूह' कमल के फूल के आकार का है। 21वीं सदी में एक नया 'चक्रव्यूह' रचा गया है- वो भी कमल के फूल के रूप में तैयार हुआ है। इसका चिन्ह प्रधानमंत्री अपने सीने पर लगाकर चलते हैं। अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के साथ किया जा रहा है – युवा, किसान, महिलाएं, छोटे और मध्यम व्यवसाय के साथ वही किया जा रहा है।

## रान्या राव से जुड़े मामले में ईडी की छापेमारी

### बंगलुरू समेत कर्नाटक में कई स्थानों पर दबिश

**बेंगलुरु, (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को कथित सोना तस्करी रैकेट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत कई जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान बंगलुरू समेत कर्नाटक के कई स्थानों पर दबिश दी गई। मामले में राजस्व खुफिया डीआरआई की ओर से एक अभिनेत्री को गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय जांच ब्यूरो की हाल ही में दर्ज एफआईआर और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के एक मामले का संज्ञान लेते हुए धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में अभिनेत्री रान्या राव को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि बंगलुरू समेत कर्नाटक में कई स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

### होली व रमजान के जुमे को लेकर पुख्ता तैयारी

## कई जगहों पर मस्जिदों को ढका, ड्रोन तैनात

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** 14 मार्च को होली और रमजान का जुमा 64 साल बाद एकसाथ पड़ रहे हैं। देशभर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में खास व्यवस्था की गई है। स्थिति पर नजर रखने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे तैनात किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में होली से पहले कई मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 और संभल में 10 मस्जिदों को ढंका गया है। बरेली में 5 मस्जिदें ढंकी गई हैं। उधर मध्य प्रदेश में इंदौर के महू में पुलिस ने मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि यदि होली के रंगों से दिक्कत हो तो मस्जिदों को प्लास्टिक से कवर कर दें।

**नमाज के समय में बदलाव किया**-छत्तीसगढ़ में जुमे की नमाज के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन मस्जिदों में दोपहर 1 बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी। सभी मस्जिदों के बोर्ड को पत्र भेजा गया है। होली और रमजान का जुमा एक ही दिन पड़ रहा है। अब से 64 साल पहले 4 मार्च 1961 को होली ऐसा संयोग हुआ था। इसे लेकर उत्तर प्रदेश में भी पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट पर है। शाहजहांपुर और संभल में मस्जिदों को रंग-गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढक दिया गया है। 12 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला गया है। इनमें शाहजहांपुर, संभल, जौनपुर, मिर्जापुर, ललितपुर, औरैया, लखनऊ, मुरादाबाद, रामपुर, उन्नाव, बरेली और अयोध्या शामिल हैं। अधिकतर जिलों में अब नमाज 2 से ढाई बजे के बीच पढ़ी जाएगी।

**नोएडा में धारा 163 लागू, पुलिस ने शुरू की पेट्रोलिंग**-नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले में पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को होली और रमजान के दूसरे जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### हैदराबाद में लोगों पर रंग फेंकने की मनाही

होली के चलते हैदराबाद पुलिस ने सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों पर जबरदस्ती रंग डालने पर रोक लगाई है। पुलिस की तरफ से जारी नोटिफिकेशन में ग्रुप में बाइक और कार से आने-जाने पर भी रोक लगी है। अधिकारियों के मुताबिक, शहर में शांति व्यवस्था भंग न हो इसके लिए यह नियम लागू किया गया है।

- 64 साल बाद होली, रमजान का जुमा है एकसाथ
- उप्र, बिहार, छत्तीसगढ़ व मप्र में की गई खास व्यवस्था

## होली के उत्सव के दौरान मस्जिद में घुसने की कोशिश

**रत्नागिरि।** महाराष्ट्र के रत्नागिरि से एक शर्मसार कर देने वाला वीडियो सामने आया है। 14 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाना है, इससे 2 दिन पहले एक उत्सव के दौरान कुछ लोगों ने मस्जिद में घुसने की कोशिश की है।

सोशल मीडिया पर शिमगा उत्सव का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग मस्जिद के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे हैं, और पुलिस मूकदर्शक बनी खड़ी दिख रही है। जानकारी के मुताबिक, यह वीडियो 12 मार्च का बताया जा रहा है। दरअसल रत्नागिरि के राजापुर में होली से एक दिन पहले उत्सव मनाने की परंपरा है, जिसमें हजारों लोग हिस्सा लेते हैं। बुधवार को भी इसी तरह का आयोजन किया गया, लेकिन इस बार यह उत्सव विवादों में घिर गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि शिमगा (एक लकड़की का स्ट्रक्चर) को उठाए लोग जब मस्जिद के पास पहुंचे तो उन्होंने परिसर में घुसने की कोशिश की।

### रत्नागिरि का वीडियो वायरल

**3-4 फीट अंदर गया शिमगा**-शिमगा करीब 3 से 4 फीट तक मस्जिद के गेट के अंदर चला गया। आरोप लग रहे हैं कि पुलिस ने इसे रोकने की कोशिश नहीं की। मस्जिद के अंदर मौजूद कुछ लोगों ने गेट बंद कर दिया, जिससे बड़ा विवाद टल गया। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है।

## सीबीएसई 12वीं के पेपर को लेकर बोर्ड ने दी नई व्यवस्था

### होली के दौरान पेपर न दे पाने वाले विद्यार्थियों को दिया जायेगा एक और मौका

**नई दिल्ली।** इस समय देश में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं चल रहीं हैं, आज धुरेड़ी है, इसे लेकर वे स्टूडेंट्स बहुत परेशान हैं जिनकी 15 मार्च को परीक्षा है और उनके यहाँ होली 14 की जगह 15 मार्च को मनाई जाएगी, लेकिन उन्हें अब परेशान होने की जरुरत नहीं है सीबीएसई ने उनके लिए विशेष परीक्षा का मौका देने का फैसला किया है और इसका देश भी जारी कर दिया है।

**स्टूडेंट्स की ये है दुविधा** -अब दुविधा ये हैं कि सीबीएसई के 12वीं की परीक्षा का हिंदी का पेपर 15 मार्च को है ऐसे में वो स्टूडेंट्स चिंतित हैं जिनके यहाँ 15 मार्च को होली मनाई जाएगी, उनकी परेशानी ये है कि ऐसी स्थिति में वे परीक्षा केंद्र तक कैसे पहुंचेंगे जब पूरा शहर होली खेल रहा होगा।

स्टूडेंट्स की परेशानी को समझते हुए सीबीएसई ने आदेश जारी करते हुए प्रेस रिलीज जारी की है जिसमें कहा गया है कि जिन स्टूडेंट्स के यहाँ 14 मार्च की जगह 15 मार्च को होली मनाई जाएगी उन स्टूडेंट्स को परीक्षा के लिए विशेष मौका दिया जायेगा जिससे वे परीक्षा में शामिल हो सकें।

**छात्रों के लिए ये निर्देश जारी** -सीबीएसई ने यह भी स्पष्ट किया कि ये विशेष परीक्षा का मौका केवल उन्हीं स्टूडेंट्स को मिलेगा जो होली के कारण 15 मार्च को परीक्षा नहीं दे पाएंगे। स्टूडेंट्स को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए संबंधित स्कूल प्रशासन को सूचित करना होगा और सीबीएसई द्वारा तय की गई प्रक्रियाओं का पालन करना होगा।

## मप्र के धार जिले में सड़क हादसा, आठ की मौत

**भोपाल।** धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में करीब 8 लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की हालत नाजुक बनी हुई है। बदनावर पुलिस थाना प्रभारी अमित कुशवाह ने बताया कि टैंकर गलत दिशा में जा रहा था। उसने पहले एक पिकअप वाहन को टक्कर मारी और फिर उसके पीछे आ रही कार को भी टक्कर मार दी। टैंकर उज्जैन की ओर जा रहा था, जबकि बाकी वाहन विपरीत दिशा से आ रहे थे।

## झारखंड के गुमला में तीन नक्सली गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले की पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के दो लाख के इनामी नक्सली दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। दुर्गा सिंह लंबे समय से झारखंड पुलिस के मोस्ट वांटेड नक्सलियों की लिस्ट में शामिल था।





Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302)
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


वारदात | पिटाई का वीडियो वायरल

# रंग लगाने से मना किया तो छात्र को पीट-पीटकर मार डाला

**दौसा।** होली त्यौहार से पहले कुछ ऐसे घटनाक्रम भी सामने आ रहे हैं जो इंसानियत को शर्मसार करने के साथ सरोकारों को छिन्न-भिन्न कर रहे हैं। दौसा में एक दुखद घटना में हंसराज नामक छात्र की हत्या कर दी गई क्योंकि उसने उस पर रंग लगाने से मना कर दिया था। यह विवाद बुधवार को शाम करीब 4 बजे रामगढ़ पचवारा के राल्वास गांव में हुआ। घटना का वीडियो अगले दिन सामने आया। परिवार ने शव के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-148 को जाम कर विरोध जताया, जिससे आठ घंटे तक यातायात जाम रहा। रात 1 बजे समझौते के बाद सड़क को खाली कराया गया।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हंसराज लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहा था, तभी विवाद शुरू हुआ। लालसोट के एएसपी दिनेश अग्रवाल ने बताया कि हंसराज का अशोक, बबलू और कालूराम से रंग लगाने को लेकर विवाद हो गया था। हंसराज के मना करने के बावजूद मामला तेजी से बढ़ गया।



**लाइब्रेरी में झगड़ा जानलेवा साबित हुआ**-विवाद तब और बढ़ गया जब तीनों युवकों ने हंसराज को लाइब्रेरी में खींच लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बेल्ट और लात-घूंसों से उसकी पिटाई की और फिर उनमें से एक ने उसका गला घोंट दिया। इस हमले में हंसराज बेहोश होकर फर्श पर गिर पड़ा। वहां मौजूद अन्य छात्रों ने हमलावरों को डांटते हुए हंसराज को होश में लाने की कोशिश की। लेकिन उनके प्रयासों के बावजूद हंसराज नहीं जागा। हमलावरों को जैसे ही पता चला कि वह बेहोश है, वे मौके से भाग गए।

**पिटाई के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू**-घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार के सदस्य और गांव वाले उस अस्पताल में जमा हो गए जहां हंसराज को ले जाया गया था। इसके बाद वे उसके शव के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-148 पर विरोध प्रदर्शन करने चले गए। उनकी मांगों में उसके परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी शामिल थी। देर रात तक प्रदर्शन जारी रहा, जब तक कि रात एक बजे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ समझौता नहीं हो गया। इस आश्वासन के बाद कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, हाईवे जाम हटा लिया गया। हंसराज चार भाइयों में सबसे छोटा था।

## सार-समाचार

### अनुपयोगी बोरवेल बंद करने कलेक्टर ने दिए आदेश

**रायसेन, देशबन्धु।** अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों/बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी घटनाएं या तथ्य यदा-कदा संज्ञान में आते रहते हैं। जिले में उक्त घटनाओं की संभावनाओं के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरूण विश्वकर्मा के आदेशानुसार जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 के तहत जिले की सीमा के अंतर्गत ऐसे बोरवेल जो उपयोग में नहीं आ रहे हैं, जिन बोरवेल में मोटर नहीं डली है और जिनमें बोर केप नहीं लगा हुआ है ऐसे बोरवेल के मकान मालिक/किसान/संस्था को उक्त बोरबेल को क्रांकीट या धातु के ढक्कन/केप से मजबूती के साथ सील या बंद किए जाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित क्षेत्र के जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ तथा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट क्षेत्र का भ्रमण कर खुले बोरवेलों के खतरे तथा उनकी तुरंत रिपोर्ट के महत्व पर जोर देते हुए अभियान चलाकर जनजागरूकता बढ़ाने, सुरक्षा मापदण्डों का पालन करने में विफल रहने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा दण्डात्मक कार्यवाही करवाने हेतु उत्तरदायी होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिला रायसेन की राजस्व सीमाओं में आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

### हर वर्ग के विकास और विश्वास का बजट : विधायक

**आष्टा, देशबन्धु।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज प्रस्तुत हुए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मप्र विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 हेतू प्रदेश की जनता के लिए प्रस्तुत किया गया । बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा 4,21,032 करोड़ का बजट हर वर्ग के विकास और विश्वास का है । यह प्रदेश के विकास, समृद्धि और जनकल्याण के लिए ऐतिहासिक हैं ।यह बजट प्रदेश सरकार की नीति श्सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के अनुरूप समाज के हर वर्ग गरीबों, अन्नदाता, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान को समर्पित है ।यह सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बजट न केवल वर्तमान की समस्त आवश्यकताओं की परिपूर्ति करता है, बल्कि विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है ।यह बजट मोदी जी के विकसित भारत के साथ ही विकसित मध्य प्रदेश 2047 के संकल्प को प्राप्त करने की दिशा की ओर अग्रसर हो रहा है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने प्रदेश की जनता के हितों को ध्यान में रखकर पेश किए गए ऐतिहासिक बजट हेतु यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हु ।

### भूतबली सागर समाधी दिवस महामहोत्सव 16 से

**आष्टा, देशबन्धु।** सन्त शिरोमणि आचार्य विद्यासागर के आज्ञानुवर्ती शिष्य पूज्य मुनिश्री भूतबली सागर की प्रथम समाधि दिवस का भव्य आयोजन नगर के दिव्योदय जैन तीर्थ किला पर विराजमान पूज्य मुनि निष्कंप सागर मुनि निष्काम सागर ससंघ सानिध्य व ब्रम्हचारिणी मंजुला दीदी के कुशल निर्देशन में भव्य महामहोत्सव संपन्न होगा। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के शरद जैन ने बताया कि परम् पूज्य मुनि भूतबली सागर के प्रथम समाधि दिवस पर गुरु गुणानुवाद गुरु स्मरण महामहोत्सव मनाने के लिए 3 दिवसीय समाधि दिवस महामहोत्सव का वृहद आयोजन श्री दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर पर संपन्न होगा। यहां उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष हिंदी तिथि के अनुसार चौत्र कृष्ण दूज को पूज्य मुनि श्री की समता पूर्वक समाधि सल्लेखना नगर के दिगम्बर जैन तीर्थ किला मंदिर में हुई थी, उसी के तहत 14,15, 16 मार्च को 3 दिवसीय आयोजन रखा जा रहा है। समाधि दिवस के आयोजन में देश भर से गुरु भक्तों के आने के समाचार प्राप्त हो रहे हैं समिति द्वारा कार्यक्रम की भव्य स्तर पर तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रमों के अंतर्गत 14 मार्च दिन शुक्रवार को रात 8 बजे से एक शाम गुरु के नाम भारत की मशहूर आध्यत्मिक सुमधुर जैन भजन गायिका ब्रम्हचारिणी सलोनी दीदी गुना द्वारा जैन भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 15 मार्च दिन शनिवार को सुबह 7:30 बजे नित्य अभिषेक शान्तिधारा 8:30 बजे गुरु पूजन प्रवचन व दोपहर 1 बजे से 28 मंडलीय संगीतमय होगा।

ग्राम बीकलपुर में हुआ हादसा

# बाइकों में जोरदार भिंडत, 3 लोग घायल, 1 जिला अस्पताल रैफर

**सिलवानी, देशबन्धु।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम बीकलपुर में दो बाईकों की आमने सामने जोरदार भिड़त हो गई। जिससे बाइक सवार तीनों ही लोग घायल हो गए। जिन्हे सिविल हॉस्पिटल सिलवानी लाया गया। जिसमें एक को जिला अस्पताल रायसेन रैफर किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बीरबल पिता भगोला उम्र 60, गोविंद पिता पन्नालाल 45 निवासी महका लमनयाऊ अपनी होंडा बाइक से नर्मदा स्नान करने बोरास जा रहे थे कि ग्राम बीकलपुर के पास बाबूलाल/ सुखलाल निवासी पठा, डिस्कवर बाइक से आमने सामने भिंडत हो गई जिससे तीनों ही बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हे सिविल हॉस्पिटल सिलवानी लाया गया। जिनका इलाज किया गया। बीरबल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रायसेन रैफर किया गया है।





## गैरतगंज में 58 जोड़ों का विवाह और 80 जोड़ों का हुआ निकाह संपन्न



**रायसेन, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय विभाग एवं जनपद पंचायत गैरतगंज के संयुक्त तत्वाधान में गैरतगंज में मुख्यमंत्री कन्या विवाह तथा निकाह योजना के अन्तर्गत बुधवार को गैरतगंज में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 58 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ तथा 80 जोड़ों का निकाह सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधु पक्ष समेत बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्री विजय पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रीति मालवीय, जनपद सदस्य दरयाव सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे तथा नवदम्पत्तियों को आर्शीवाद दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अन्तर्गत वधु के बैंक खाते में 49 हजार रू की राशि प्रदान की जाती है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख कर संबोधित किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री मनोज बाथम, एसडीएम पल्लवी वेध, जनपद सीईओ पूजा जैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गुलगांव में हुई शांति समीति की बैठक



**सांची, देशबन्धु।** समीपस्थ गुलगांव पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी नितिन अहिरवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बाबू लाल, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामबाबू सराठे, गांव के वरिष्ठ समाजसेवी गौरीशंकर जैन सहित गांव के सभी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस अवसर पर थाना प्रभारी अहिरवार ने कहा कि शुक्रवार को होली का प्रमुख पर्व भी है तथा रमजान का पवित्र माह का जुमा भी है। सभी को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाना है हमें छोटीछोटी बातों पर ध्यान नहीं देना है तथा अफवाहों से सावधान रहना होगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हमें गांव की छवि बनाकर रखना है। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की की कोई बात होती हैं तत्काल पुलिस को सूचित करें।गांव के लोगों ने आश्वासन दिया कि हम सब मिलकर हमेशा की तरह मिलजुलकर अपने त्यौहार मनाएंगे।

नरखेड़ा पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह सामूहिक सम्मेलन आयोजित

## 11 जोड़ों का हुआ विवाह, 33 का निकाह, विधायक ने दिया आशीर्वाद



**सांची, देशबन्धु।** जनपद पंचायत सांची अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत नरखेडा मे मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 11 जोड़ों का विवाह हिंदू रितिवाज से विवाह हुआ एवं 33 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डाक्टर प्रभूराम चौधरी शामिल हुए। उन्होंने सभी नवविवाहित जोडो से भेंट करते हुए नवदम्पति को आशीर्वाद दिया। इस अवसर कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत शासन द्वारा वर वधू को 49 हजार रुपये के चैक वितरित किए। इस अवसर पर डाक्टर चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा सरकार द्वारा महिलाओं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना मुख्यमंत्री कन्या निकाह योजना लाडली बहना योजना सहित अनेक योजना चलाई जा रही हैं सरकार की इन योजनाओं से बेटी बोझ नही वरदान साबित हो रही हैं। सरकार ने प्रदेश भर में सभी बेटियों के धूमधाम से विवाह निकाह योजना चलाई एवं सरकार स्वयं बेटियों के विवाह का खर्च उठा रही हैं तथा गरीबों के सपने साकार कर रही है अब गरीब से गरीब व्यक्ति भी हंसते हुए खुशी खुशी अपनी बेटियों को विदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को चला रही हैं तथा हर गरीब को इन योजना का लाभ पहुंच रहा है। इस अवसर पर सांची जनपद पंचायत अध्यक्ष अर्चना पोर्ते, सीईओ बंदु सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं सरपंच, सचिव उपस्थित थे।

## ऑर्गेनिक खेती: एक सीजन में 3 फसलें और 4 लाख की इनकम

- महेश पटेल ने बनाई प्रगतिशील किसान के रूप में पहचान

**सिलवानी, देशबन्धु।** ऑर्गेनिक खेती यानी जैविक खेती में लागत और मेहनत कम लगती है. इसके उत्पाद की बाजार में काफी मांग होती है, जिसके कारण ये काफी महंगे बिकते हैं हम आपको एक ऐसे ही किसान की कहानी बता रहे हैं, जो बागवानी और ऑर्गेनिक खेती कर एक सीजन में लाखों रुपए कमा रहे हैं। हम बात कर रहे हैं सिलवानी तहसील मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम मुआर के किसान महेश पटेल की। जिन्होंने दूसरे किसानों के लिए एक मिसाल पेश की है जिनको प्रगतिशील किसान के नाम से भी जाना जाता है। वह बागवानी के साथ ऑर्गेनिक सब्जियों की खेती करते हैं। वह एक सीजन में तीन-तीन फसलें लेते हैं। इससे उन्हें हर सीजन में अच्छी आमदनी होती है। महेश पटेल पिछले 5 सालों से बागवानी के साथ ऑग्रेनिक सब्जियों की खेती कर रहे हैं। 13 एकड़ खेती में बागवानी और ऑर्गेनिक खेती पिछले पांच वर्षों से कर रहे हैं। उनके द्वारा 2 एकड़ भूमि मे ब्लैक अंगूर और ग्रीन अंगूर की खेती की गई है जिसमें अंगूर की पैदावार लगभग



2 कुंटल हुआ है तथा 13 एकड़ भूमि की मेड़ पर आंवला लगाया गया है। 4 एकड़ भूमि पर आम लागये गये है जिसमें आम की वैरायटी आम्रपाली, बंबे, ग्रीन, लंगड़ा, सफेद आम आदि लगायें गये है जो बड़ी मात्रा में फल दे रहे हैं वहीं किसान महेश पटेल द्वारा अपनी भूमि पर मोसंमी,संतरा एप्पल बेर,अश्वगंधा, अदरक, हल्दी आदि भी बड़ी मात्रा में लगाई गई है वहीं पटेल द्वारा अपनी कृषि भूमि पर 13 एकड़ की मेड़ पर कटंगा बास लगाए गए है जिनकी बड़ी संख्या में पैदावार है बांसों की ऊंचाई 60 फिट से भी ऊपर की ऊंचाई हो गई है।

महेश पटेल बताते हैं दूसरे किसान भी परंपरागत खेती को छोड़कर बागवानी में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। मुआर क्षेत्र के किसानों को टपका विधि से फसलों को उगाकर पानी बचाने का भी आह्वान कर रहे हैं। महेश पटेल को देख आस-पास के किसानों ने भी बागवानी और आर्गेनिक सब्जियों की खेती करनी शुरू कर दी है। पटेल ने बताया कि ऑर्गेनिक खेती यानी जैविक खेती में रसायनों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। ऑर्गेनिक खेती में सिर्फ जैविक खाद और ऑर्गेनिक तरीके से बनाए कीटनाशक का प्रयोग किया जाता है. इससे पैदवार जहां अच्छी होती है,वहीं जमीन की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है।ऑर्गेनिक तरीके से उपजाई गईं सब्जियां और फल सेहत के लिए काफी लाभदायक होते हैं। ऑर्गेनिक खेती में गोबर की खाद, केंचुआ खाद यानी वर्मी कंपोस्ट, फसलों के बचे हिस्से को सड़ाकर बनी खाद, ढैंचा की बुआई आदि तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है. इनके प्रयोग से जमीन को प्राकृतिक तौर पर ही नाइट्रोजन फास्फोरस, पोटाश, मैग्नीशियम, कैल्शियम और एक्टीनोमाइसिट्स जैसे जरूरी पोषक तत्व मिल जाते हैं। जैविक खेती में फसल को कीड़े और रोगों से बचाने के लिए नीम ऑयल या गौमूत्र में नीम मिलाकर बनाया कीटनाशक को इस्तेमाल किया जाता है।

## पोस्टमार्टम कराने दूसरे अस्पताल भेजे शव



**सिरोंज, देशबन्धु।** सरकारी अस्पताल में मरीज के साथ होने वाले किस्से आए दिन सुनने आते रहते हैं परंतु अब शवों को भी रेफर किया गया। मामला गत दिवस का है जब अस्पताल में दो शव पोस्टमार्टम के लिए आए परंतु उनका पोस्टमार्टम न हो सका और मृतकों के परिजन कानूनी प्रक्रिया में फंसे रहे। दुर्भाग्य यह रहा की शवों का पोस्टमार्टम स्थानीय अस्पताल में नहीं हो पाया और उन्हें बासौदा और लटेरी रेफर किया गया। बताया जाता है कि मृतकों के परिजनों की समस्या जब किसी ने नहीं सुनी तो कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी को सूचना दी गई तब उन्होंने अस्पताल पहुंचकर बीएमओ से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि हम हमारे यहां के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है जिसके कारण पीएम होना संभव नहीं है। रघुवंशी ने एसडीएम को सूचना दी और बाद में शवों को पोस्टमार्टम के लिए लटेरी और बासौदा भेजा गया। कांग्रेस नेता रघुवंशी का कहना है कि यहां जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है और पोस्टमार्टम जैसे आवश्यक कार्य के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। बीएमओ विकास सिंह बघेल ने पत्रकारों को बताया कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण पोस्टमार्टम संभव नहीं हो सका और जिस संस्था के सफाई कर्मचारीं नियुक्त किए गए हैं उसको ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद बीएमओ व अस्पताल का स्टाफ अस्पताल में झाड़ू लगाता नजर आया।

## जलभराव की समस्या को लेकर विजयवर्गीय से मिले नपाध्यक्ष प्रतिनिधि



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर के व्यस्ततम बाजार बुधवारा बाजार जिसकी वर्षो पुरानी समस्या जलभराव की है। इस बुधवारा मार्ग से नगर के 4 वार्ड जुड़े हुए है। अल्पवर्षा में ही मार्ग जलमग्न हो जाता है, जिसके कारण रहवासियों एवं व्यापारीगणों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन सभी के चलते व समस्या का स्थायी निराकरण करने के उद्देश्य से नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा भोपाल स्थित नगरीय प्रशासन मंत्री के निज आवास पहुंचे जहां नगर की सबसे पुरानी समस्या के निराकरण के लिए नगरपालिका स्तर पर बनाई गई कार्ययोजना से अवगत कराया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से समस्या के निदान के लिए चर्चा करते हुए बताया कि बुधवारा मार्ग नगर का प्रमुख मार्ग है। जहां हजारों की संख्या में दुकानें है। उक्त मार्ग से वार्ड क्रमांक 11, 12, 17 एवं 18 वार्ड के नागरिकगणों का जुड़ाव है। मार्ग पर संकरी व छोटी नाली होने के कारण जरासी बारिश में पूरा मार्ग जलमग्न हो जाता है, जिसके कारण बारिश का पानी घरों एवं दुकानों में प्रवेश करता है, जिससे नागरिकों को प्रति वर्ष होने वाली बारिश में आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है, वहीं आवागमन भी प्रभावित होता है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने समस्या को नगर हित में गंभीर समझते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को आश्वस्त किया है और विश्वास दिलाया है कि उक्त समस्या का निराकरण शीघ्र ही होगा।

## एडीशनल एसपी की प्रेसवार्ता में विलंब से भड़के मीडियाकर्मी

- प्रेसवार्ता स्थल से गुस्साए बहिष्कार कर बाहर आए
- सीएसपी एवं टीआई की मान-मनवार कारगर बनी

कैलाश सनोलिया



**नागदा, देशबन्धु।** उज्जैन जिले के नागदा में बुधवार शाम को सीएसपी कार्यालय के बाहर अनूठा नजारा बना। लगभग 20 पत्रकार अंदर से गुस्साए होकर बाहर अपनी नाराजगी का इजहार करते दिखे। इस दौरान सीएसपी बृजेश श्री वास्तव एवं मंडी थाना प्रभारी अमृतलाल गवली की काफी मशक्कत के बाद मनुहार आखिर कार कारगर बनी। बुरी तरह से उखडे मीडियाकर्मी मान गए।

मामला यह थाकि स्थानीय पुलिस ने मीडियाकर्मियों को एक संदेश सोशल मीडिया पर भेजा कि बुधवार शाम को उज्जैन से एडिशनल एसपी मयूर खंडेलवाल एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। स्थान सीएसपी कार्यालय बताया गया। समय शाम 4.30 बजे की सूचना थी। किसी संदेश में 5.30 बजे भी थी। पत्रकार नीयत समय पर पहुंच गए। लेकिन निर्धारित समय पर आइपीएस श्री खंडेलवाल नहीं पहुचे। विलंब से आए और सीधे कार्यालय में पहुंचे। उनके आने पर सीएसपी कार्यालय के बाहर कुर्सी पर बैठे पत्रकारों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। लगभग 20 मिनट तक अंदर से बाहर नहीं आए। एडिशनल एसपी अपने मातहत अधिकारियों से चर्चा में रत थे। इस बात पर पत्रकार बुरी तरह से उखड़ गए और इस बात पर खफा हुए कि निर्धारित समय के बाद इतना विलंब उचित नही है। पहले देरी से आए और फिर इतंहा।

**एक दिन पहले भी नहीं आए:** पहले यह भी चर्चा हुई कि इसी प्रकार से मंगलवार को भी पत्रकारों को यह कहकर बुलाया थाकि शाम को एडिशनल एसपी प्रेस वार्ता लेंगे। लेकिन उस दिन साहब नहीं आए और पत्रकार वापस बैरंग घर लौट गए थे। जैसे ही पत्रकारों बाहर निकले सीएसपी श्री श्री वास्तव को इस बात की भनक लगते ही वे पत्रकारों से मनुहार में जुटे। थाना प्रभारी श्री गवली ने भी मनाने के लिए मशक्कत की।

**5 मिनट तक चली जदोजहद:** लगभग 5 मिनट तक सीएसपी कार्यालय के बाहर इस प्रकार की जदोजहद चलती रही। मीडियाकर्मी अपनी बात के पक्ष में भड़ास निकालने के बाद आखिरकार प्रेसवार्ता के लिए मान गए और प्रेसवर्ता के लिए राजी हुए। यह पूरा मामला जब एडिशनल एसपी के संज्ञान में आया तो उन्होंने मेंसेज में जो समय भेजा गया था उसके बारे में जानकारी हासिल की। एक पत्रकार ने अधिकारी को मेसेज भी पढाया जिसमें शाम 4.30 बजे का समय अंकित था। यहां पर पत्रकारों ने मामला उठाया कि कल भी इसी प्रकार से स्थानीय पुलिस ने प्रेसवार्ता का संदेश भेजा था लेकिन बाद में प्रेसवार्ता ही नहीं हुई।

**इतंहा हो गई इंतजार में:** मीडिया के लोग इस बात का तर्क देते दिखे की शाम का समय समाचारों को होता है। इतने समय तक यहां बैठकर अधिकारी का इंतजार करना उचित नहीं है। बाद में श्री आईपीएस श्री खंडेलवाल पत्रकारों से रूबरू हुए। एक हत्या के प्रकरण का खुलासा किया। और भी कई मामलों में पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। समापन पर उन्होनं पत्रकार से अपेक्षा की वे उन्हे सहयोग करे। वे अभी-अभी उज्जैन पदस्थ हुए है।

# महिला सशक्तिकरण अभियान का समापन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में एवं सचिव विजय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में 12 मार्च तक महिला सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया गया। उक्त अभियान में महिलाओ के सशक्तिकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसीय के उपलक्ष्य में जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य के नेतृत्व में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च को न्यायालय में महिला अधिकारी अधिवक्ता गण, कर्मचारी गण का जेल प्रशासन के समन्वय से जेल बंदियों द्वारा बनाये गए कार्ड एवं प्लांटर से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम द्वारा विधिक जनजागरूकता प्रदर्शनी का नेशनल लोक अदालत के साथ प्रदेश की एकमात्र केंद्रीय जेल नर्मदापुरम की महिला बंदियों के अंजना स्वसहायता समूह द्वारा बनाई गई सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर बदलते भारत में नारी शक्ति की भागीदारी पर लॉ इंटरन्स हिमानी पाठक, अंकिता गौर, अंजलि लोवंशी, आरती, प्रार्थना, अनुराधा, संस्कार, शिवम, श्रेयांश मिश्रा, जुगल किशोर, पियूष, वंशिता, राधिका द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य माँ नर्मदा एवं नारीशक्ति के सम्मान पंच जा योजना के प्रचार प्रसार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम द्वारा जेल प्रशासन के सहयोग से जेल बंदियों द्वारा निर्मित आटे के दिये माँ नर्मदा नदी के तट पर प्रज्ज्वलित कर उक्त अभियान का सफल आयोजन कर प्रकृति संरक्षण का सन्देश दिया गया।

शासकीय विधि महाविद्यालय एवं नर्मदा विधि महाविद्यालय के छात्रा एवं छात्राओं द्वारा महिलाओ के विधिक अधिकारों पर विधिक जनजागरूकता सदभावना रैली का शहर के मुख्य मार्ग में आयोजित कर प्रचार प्रसार किया गया। 11 मार्च को एडीआर भवन, न्यायालय परिसर जिला नर्मदापुरम में जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य के नेतृत्व में नर्मदापुरम न्यायालय में आने वाले नारी शक्ति अधिवक्ता गण, पक्षकार, महिला कर्मचारियों की स्वास्थ्य समस्याओ के निराकरण हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 लोगों का परीक्षण किया गया। 12 मार्च को महिला सशक्तिकरण अभियान का महिला बंदियों के बीच महिला सशक्तिकरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरित कर सम्मानित कर उक्त अभियान का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य, जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप जेल अधीक्षक प्रहलाद बरकडे, डिप्टी जेलर हितेश बांडिया सहित कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासकीय कार्यालयों में 31 मार्च से ई-ऑफिस प्रणाली लागू किया जाना है। जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर महोदया के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को ई दक्ष केंद्र नर्मदापुरम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 21 मार्च तक विभागवार संचालित होगा।

डीआईओ एनआईसी मनीष गुणवान,जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस संदीप चौरसिया एवं सहायक प्रबंधक ई-गवर्नेंस रफीक खान द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के विभिन्न कार्यों तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण में ई-ऑफिस का परिचय व उपयोग, दस्तावेज तैयार करना व अनुमोदन प्रक्रिया, रिपोर्टिंग व फाइल ट्रैकिंग, सुरक्षा उपाय व गोपनीयता इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में रफीक खान ने बताया कि विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और कुशल बनाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ई-ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म का सही और प्रभावी उपयोग सिखाया जा रहा है, ताकि कार्यों को डिजिटल रूप से सुव्यवस्थित किया जा सकें। इससे कागजी प्रक्रिया में कमी लायी जा सकेगी।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### श्रम निरीक्षक ने श्रमिको को उनके बकाया वेतन का कराया भुगतान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले के ग्राम चपलासर में नाली निर्माण के कार्य में मजदूरी का कार्य बैतूल के 4 श्रमिकों से ठेकेदार विशाल चौधरी द्वारा कराया गया। ठेकेदार द्वारा बकाया वेतन नहीं मिलने पर परेशान होकर श्रमिकों द्वारा श्रम विभाग नर्मदापुरम में शिकायत दर्ज कराई गई। श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ठेकेदार से संपर्क किया और श्रमिकों को 8 हजार रुपये का बकाया वेतन का भुगतान दिलाया। सभी श्रमिक होली के त्यौहार पर खुशी-खुशी वेतन लेकर अपने-अपने घर गये।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध 10 प्रकरण दर्ज

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के लाल स्कूल मोहल्ला, टंकी मोहल्ला, बंगाली कॉलोनी, फाइल वार्ड, पीलियाखाल, देव कॉलोनी, ग्राम डगावाशंकर, धनवाड़ा, बारंगी व रोलगांव में दबिश देकर कुल 35 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 690 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किये गए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 76000 रूपये है।

### धुलेंडी पर्व पर आज बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 14 मार्च शुक्रवार को होली धुलेंडी पर्व के दिन सुबह से शाम 5 बजे तक जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं वाईन शॉप तथा स्टोरेज देशी मदिरा मद्य भांडागार के लिये शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार 14 मार्च शुक्रवार को जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं एम्बी वाईन शॉप बंद रखी जायेंगी तथा मदिरा का क्रय विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

### 16 मार्च को विद्युत प्रदाय बंद रहेगा

**हरदा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 132 के.व्ही. उपकेन्द्र खिरकिया में अति आवश्यक सुधार व संधारण कार्य होने के कारण 16 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक 132 केव्ही उपकेन्द्र खिरकिया से निकलने वाले 33 के. व्ही. फीडरों तथा इनसे जुड़े 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों से संबंधित क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि इस दौरान 33 के.व्ही. उपकेन्द्र चारूवा-1 से संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र चारूवा व सोमगांव, 33 के.व्ही. केन्द्र खिरकिया-2, 33 के.व्ही. चारूवा-2 से संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र टेमलावाड़ी, 33 के.व्ही. उपकेन्द्र खरड़ से संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खरड़ और मुहालकला, 33 के.व्ही. उपकेन्द्र किल्लोद व एन.डी.डी.-25 में विद्युत प्रदाय अवरुद्ध रहेगा।

### भारतीय सेना में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ़, रायसेन, सिहोर विदिशा, गुना, अषोकनगर, पन्ना, दामोह, नरसिंहपुर, और पन्दूर्ना के उम्मीदवारों के लिए खुशखबरी है। भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और 10 अप्रैल तक जारी रहेगी।

आवेदन अग्निवीर (पुरुष) की जनरल तकनीकी, क्लर्क, व अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं पास), ट्रेड्समैन (दसवीं पास) और अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा, हवलदार एजुकेसन, धर्मगुरू, केटरिंग जेसीओ, हवलदार सर्वेयर आटोमेटेड कार्टोग्राफर के पदों के लिए जारी किए गए हैं। ऑनलाइन परीक्षा जून के महीने में होने की संभावना है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पंजीकरण के दौरान दिए गए ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर का विवरण एक साल तक सुरक्षित रखें, ताकि भर्ती संबंधित सूचना आसानी से मिल सके। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। उम्मीदवारों को दलालों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवार किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सेना भर्ती कार्यालय, नारियल खेडा भोपाल मे उपस्थित होकर या दुरभाष पर संपर्क कर सकते है।

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण किए जाने के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक बुधवार को कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मध्य प्रदेश तेराकी संघ के अध्यक्ष श्री पीयूष शर्मा, जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौकसे, सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत, जिला मूल्यांकन समिति के सभी सदस्य एवं जिला पंजीयक अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रस्ताव का परीक्षण करने के उपरांत कलेक्टर ने निर्देश दिए की गाइडलाइन की नवीन प्रस्तावित दरों में कृषि भूमि को प्रस्तावित दरों के दायरे से बाहर रखा जाए। उन्होंने कहा कि बैठक में उपस्थित सभी समिति सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर उन में आवश्यक परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने जिला पंजीयक नर्मदा पुरम को निर्देश दिए की अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए जो भी कीमतें प्रस्तावित की गई है उनका परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए बाजार मूल्य निर्धारण संबंधी प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श, समीक्षा एवं विश्लेषण किया गया। इस दौरान उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा कर अनंतिम रूप से अनुमोदित दरों को अंतिम रूप दिया गया।

# कलेक्टर ने किया ईवीएम , वीवीपीएटी वेयर हाउस का निरीक्षण

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के तवाभवन स्थित ईवीएम /वीवीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि श्री मनोहर बढ़ानी, श्री अनोखी लाल राजोरिया, प्रशांत दीक्षित, रामकिशोर बामने, धनीराम गौर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार सिंह, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर श्री पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री कैलाश दुबे, कार्यपालन यंत्री श्री कुबेर सिंह मिर्धा उपस्थित रहें।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष प्रतिनिधियों के साथ सामान्य बैठक भी आयोजित की गई। बैठक के दौरान निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत या निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से सुझाव प्राप्त किए गए। इसी के साथ जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में पूर्व में आयोजित बैठकों के दौरान प्राप्त हुए अन्य सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा विचार प्रस्तुत किया गया कि बीएलओ समय-समय पर बदलते भी रहते हैं जिससे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दिक्कतें होती है। तत्संबंध में सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को समस्त बीएलओ की अद्यतन सूची समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी की जाए, साथ ही मतदान प्रक्रिया से जुड़ी समस्त जानकारी जैसे मतदान केंद्र का नाम, मतदाता क्रमांक, मतदान दिवस जैसी जानकारी मतदाता के एपिक नंबर से संबद्ध मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जाए तथा मतदान किए जाने के उपरांत इसकी सूचना भी मतदाता के मोबाइल फोन पर पहुंचाई जाए इससे मतदान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं प्रभावशील बनाई जा सकती है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**हरदा, देशबन्धु।** पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री विष्णु राजोरिया के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय हरदा में गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई । जिसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओम पटेल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री राजोरिया को हरदा का विकास पुरुष बताते हुए कहा कि हरदा में जो विकास कार्य हुए हैं वे सभी श्री राजोरिया की देन हैं।पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत टाले ने श्री राजोरिया द्वारा हरदा को जिला बनाने में किए गए प्रयासों के बारे में बताते हुए कहा कि उनकी सोच क्षेत्र को विकास के राह पर आगे ले जाने की रही तथा हरदा में जितने भी कॉम्प्लेक्स निर्माण हुए हैं वह सभी राजोरिया जी की ही देंन हैं। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# त्यौहारों को आपसी सद्भाव और खुशी के साथ मनाऐं

## जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की अपील

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम डीके सिंह ने बताया कि माह मार्च में आने वाले पर्व धुरेंडी (होली उत्सव), रंगपंचमी, चैत्र नवरात्र प्रारंभ / गुड़ी पड़वा, ईद-उल-फितर, झूलेलाल जयंती एवं चैती चांद को ध्यान में रखते हुये, गत दिवस जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित कि गई। जिला नर्मदापुरम धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन में समरसता, समन्वय के लिए जाना जाता है।

जिले की सामाजिक समरसता, और सौहार्द्रता, शांति बनी रहे, इसके लिए सभी संबंधित विभाग प्रमुख और शांति समिति के सदस्यगण तथा समाज के सभी धर्म, वर्ग के लोग समन्वय, सहयोग और विश्वास को कायम रखते हुए, योजनाबद्ध तरीके से हमेशा की तरह पर्वों के आयोजन में सहयोग देंगे, जिससे समाज के सभी वर्गों और धर्मों के लोग सुरक्षित महसूस करते हुए अपने सांस्कृतिक, धार्मिक पर्वों को हर्ष उल्लास, उमंग और आनंद से मना सकें। प्रशासन, कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिये पूरी तरह से प्रतिबद्ध है इसके लिए जिले के समस्?त अनुविभागीय दण्डाधिकारी जिला नर्मदापुरम को इस माह के पर्वो के लिये कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति स्थापना हेतु पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम, अनुविभागीय दण्डाधिकारी नर्मदापुरम, सिटी मजिस्ट्रेट (नगर) नर्मदापुरम, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नर्मदापुरम, थाना प्रभारी देहात / नगर तथा अन्य अधिकारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने समस्त जिला वासियों से अपील की है कि इन त्यौहारों को आपसी सद्भाव और खुशी के साथ मनाऐं तथा शांति एवं कानून व्यवस्था स्थापित करने में प्रशासन एवं पुलिस को सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# स्व-सहायता समूह की बहनों ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को दी होली की शुभकामनाएं

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत गठित एवं संचालित स्व-सहायता समूह की बहनों ने कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री एस. एस रावत को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समूह द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल, श्रीअन्न मिलेट के व्यंजन और अन्य उत्पाद उपहार स्वरूप दिए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की सराहना की और बहनों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह की बहनें अपने उत्पादों के माध्यम से न केवल अपनी आजीविका को मजबूत बना रही हैं, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में समूह की बहनों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें हर्बल गुलाल, श्रीअन्न मिलेट के व्यंजन, फूलों से बनी अगरबत्ती और अन्य उत्पाद शामिल थे। इन उत्पादों को सभी के द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है और क्रय किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री सिंह द्वारा बताया गया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्व-सहायता समूह की बहनों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को प्रदर्शित करना और उन्हें बाजार में उतारने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर कलेक्टर और जिला पंचायत कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और स्व-सहायता समूह की बहनें उपस्थित थे।

# तहसीलदार के आदेश के बाद आदिवासी परिवार को मिली अपनी जमीन

## मांझी सरकार के हस्तक्षेप से गैर आदिवासी का कब्जा हटा



**बैतूल, देशबन्धु।** चांदूर बाजार तहसील में आदिवासी परिवार को आखिरकार उसकी जमीन पर पूरा अधिकार मिल गया। मांझी सरकार के केंद्रीय प्रतिनिधि श्रवण परते ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चांदूर बाजार तहसील कार्यालय में जाकर पूरे दस्तावेज पेश किए और स्थिति से तहसीलदार को अवगत कराया। इसके बाद तहसीलदार रामदास शेलके ने आदेश जारी कर आदिवासी किसान उमेश मारुति धुर्वे को उसकी जमीन वापस दिलाई।

उमेश मारुति धुर्वे के खेत पर लंबे समय से गैर आदिवासी वामन भीमराव शंकर ने कब्जा कर रखा था। खसरा क्रमांक 578 क्षेत्र 0.88 और खसरा क्रमांक 484 क्षेत्र 2.33 की यह भूमि उमेश मारुति धुर्वे के नाम थी, लेकिन कब्जे के कारण वह वहां खेती नहीं कर पा रहे थे। जब यह मामला मांझी सरकार के पास पहुंचा, तो टीम के साथ श्रवण परते के नेतृत्व में बलिराम उइके ने तुरंत पहल करते हुए दस्तावेजों के साथ तहसीलदार से मुलाकात की। 12 मार्च 2025 को चांदूर बाजार तहसील कार्यालय में श्री माझी अंतर्राष्टीय समाजवाद किसान सैनिक कार्यालय, नई दिल्ली के सभी सैनिक भी उपस्थित थे। तहसीलदार रामदास शेलके ने पूरी जांच के बाद आदेश जारी करते हुए कहा कि आदिवासी की जमीन पर सिर्फ आदिवासी का अधिकार होता है, और गैर आदिवासी उस पर कब्जा नहीं कर सकते। इसके साथ ही खेत पर मालिकाना हक सुनिश्चित करने के लिए वहां एक बोर्ड भी लगाया गया।

# दिल्ली की घातक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी बैतूल एकेडमी




**बैतूल, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, कोठी बाजार में चल रहे अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप के तहत 13 मार्च को यूनिक क्रिकेट क्लब दिल्ली और बैतूल एकेडमी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया।

बैतूल एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 203 रन का लक्ष्य रखा। बैतूल की ओर से सर्वाधिक 37 रन पूर्णांक ने बनाए। हालांकि, दिल्ली की धारदार गेंदबाजी के सामने बैतूल एकेडमी संघर्ष करती दिखी। दिल्ली के तेज गेंदबाज विकास राउत ने कहर बरपाते हुए 4 विकेट झटके, जबकि आयुष ने 3 विकेट लेकर बैतूल के बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। इस शानदार गेंदबाजी के चलते बैतूल एकेडमी बड़ी साझेदारी नहीं कर सकी और 203 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूनिक क्रिकेट क्लब दिल्ली की टीम ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 33.1 ओवर में ही जीत 4 विकेट से दर्ज कर ली। कप्तान जतिन गहलोत ने 42 गेंदों पर 44 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अमन कुमार 28 गेंदों पर 29 रन बनाकर नाबाद रहे। शानदार गेंदबाजी के लिए दिल्ली के विकास राउत को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। उन्हें यह पुरस्कार डीसीए प्रेसिडेंट डॉ. नितिन देशमुख और दानिश खान ने प्रदान किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार दीवान (यादव) ने बताया कि इस मुकाबले में विशेष अतिथि के रूप में डीसीए प्रेसिडेंट डॉ. नितिन देशमुख, कांतिशिवा टॉकीज के संचालक विवेक मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार नवल वर्मा और युवा व्यवसायी प्रशांत बोथरा उपस्थित रहे। आयोजन समिति के विश्वास ऋषि दीक्षित ने बताया कि होली धुलंडी पर्व के मद्देनजर 14 और 15 मार्च को टूर्नामेंट में अवकाश रहेगा। 16 मार्च को ग्वालियर और इंदौर की टीम आमने-सामने होंगी।

# क्रुरता प्रमाणित नहीं, एक पक्षीय तलाक का निर्णय निरस्त

**आमला, देशबन्धु।** अपर जिला न्यायाधीश आमला कोर्ट ने एक अनूठा फैसला सुनाते हुए पति-पत्नी के बीच हुए तलाक को निरस्त कर दिया है।

मामला 2013 का है, जब एक युवक और युवती ने प्रेम विवाह किया था। दंपति 6 महीने तक बड़े शहर में रहे और बाद में अपने गांव में बस गए। पत्नी ने तलाक की याचिका पेश करते समय याचिका में आरोप लगाया कि विवाह के कुछ समय बाद से पति शराब पीने का आदी हो गया और पत्नी पर परिवार में कर्तव्य और दायित्व का निर्वहन नहीं करने और कुछ व्यक्तिगत आरोप लगाने लगा। दूसरी तरफ,पति ने भी पत्नी को साथ रखने की याचिका दायर कर पत्नी पर झूठे व्यक्तिगत आरोप लगाने और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सार्वजनिक करने का झूठा आरोप लगाया। सुनवाई के दौरान पति बीमार होने के कारण निर्धारित पेशी पर अदालत नहीं पहुंच पाया कोर्ट ने एकपक्षीय तलाक दे दिया था। पति के वकील राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पति ने इस फैसले के खिलाफ एक पक्षीय तलाक को चुनौती दी और कहा कि वह पत्नी के साथ दांपत्य जीवन बिताना चाहता है। दंपति का एक बच्चा है जो पिता के साथ रहता है। कोर्ट ने पुन: दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया । मामले में निर्णायक मोड़ तब आया जब बच्चे ने अदालत में कहा कि वह अपनी मां और पिता दोनों के साथ रहना चाहता है। बच्चे ने यह भी कहा कि मां ने काफी लंबे समय से मुलाकात नहीं की। कोर्ट ने यह भी ध्यान में रखा कि प्रेम विवाह के तीन साल तक पत्नी ने दहेज का कोई आरोप नहीं लगाया था।


**कार्यालय नगरपरिषद, शाहगंज, जिला सीहोर ( म.प्र. )**

E-mail-cmoshahganj@mpurban.gov.in. phone- 07564-238688

क्रमांक-370 शाहगंज दिनांक 13.03.25

**निविदा विज्ञप्ति सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद शाहगंज वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता शुल्क वसूलने का कार्य ठेका पर देना चाहती है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति/फर्म जो उक्त कार्य करना चाहते हो तो कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर निविदा प्रपत्र मूल्य राशि रू. 2000/- एवं अमानत 10000/-रू. जमा कर प्राप्त कर सकते है एवं अपने निविदा प्रपत्र (भावपत्र) दिनांक 27.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक बन्द लिफाफे में कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। जो उसी दिनांक को सायं 3.00 बजे उपस्थित निविदाकारों एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरकर्ता का मान्य होगा।

**शर्तें:**- 1. कार्य से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन दिवसों में राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

2. निविदाकार निर्धारित शुल्क राशि रू. 2000/- जमा करने के उपरांत कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित दिनांक तक क्रय कर सकते है।
3. निविदाकार को अमानत राशि 10000/- रूपये भावपत्र जमा करते समय नकद अथवा एफ.डी. के माध्यम से मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम जमा करनी होगी।
4. जिस निविदाकार की निविदा स्वीकृत होगी उसकी अमानत राशि रोककर शेष निविदाकारों की अमानत राशि वापस कर दी जायेगी।
5. निर्धारित अवधि के वाद प्राप्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
6. ठेका की वैधता अवधि 01 वित्तीय वर्ष 2025-26 तक रहेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद शाहगंज जिला सीहोर ( म.प्र. )**



**पश्चिम मध्य रेल**

**वाणिज्य विभाग-जबलपुर मंडल**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **Category** - NFR, **Lot No.** - ADVT-JBP-JBP-OSN-131-25-1 Dated 07/03/2025, **Assets Details** - जबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों (जबलपुर (4), सतना (1), सागर (2), मैहर (2), पिपरिया (2), रीवा (1), नरसिंहपुर(2), दमोह (1) और मदनमहल (3), कुल 18 लिफ्टों पर विज्ञापन इसी प्रकार जबलपुर (5), सतना (2), कटनी(2) मे 09 एस्केलेटर पर विज्ञापन का प्रावधान जबलपुर मंडल दवारा किया गया है। **Tender End** - 24/03/2025 15:00 संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाईट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट -वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई बोली सूचना मंडल पर रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

नर्मदापुरम, शुक्रवार 14 मार्च 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## होली: धर्मनिरपेक्षता की अग्नि परीक्षा

हर्षोल्लास का पर्व होली हमेशा से भारतवासियों को आह्लादित करता रहा है। बेशक, यह देश की बहुसंख्यक आबादी यानी हिन्दुओं का त्यौहार हो लेकिन थोड़े-बहुत परहेज और एहतियात के साथ सभी सम्प्रदायों के लोग इसकी खुशियों में शामिल होते हैं। विशेषकर, मुस्लिमों की बात करें तो उन्हें उनकी मस्जिदों पर रंग लगने से आपत्ति रही है या फिर इसलिये कि वे जब नमाज़ पढ़ने जायें तो उनके अपने धार्मिक नियमों के मुताबिक उन्हें पाक-साफ होकर जाना होता है। इसलिये वे इससे दूर रहते हैं। संविधानसम्मत धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक समाज बनने के पहले से ही भारत के बहुसंख्यक उनकी इस भावना का सम्मान करते आए हैं। अपनी मर्जी से और समाज में घुल-मिलकर रहने वाली प्रवृत्ति के चलते सभी सम्प्रदाय कमोबेश एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल भी हो जाते हैं। मुसलमानों को होली के रंगों में सराबोर होते या हिन्दुओं को ईद के मौके पर मुसलमानों से गले मिलते या ईसाइयों को क्रिसमस की बधाई हुए आम तौर पर देखा जाता है।

इधर भारत बदल गया है। इसलिये उसके पर्व भी बदल गये हैं। राजनीतिक वर्चस्व व सत्ता कायम करने की इच्छा ने भारत को उस मकाम पर पहुंचा दिया है जहां कपड़ों, फूल-पत्तियों और रंगों का भी धर्म हो गया है तो त्योहारों की भला क्या बिसात? धर्म अब धर्मांधता है। देश के विभाजन के दौरान हिन्दुओं व मुसलिमों के बंटे हुए दिलों को राष्ट्र निर्माताओं ने अपने अथक प्रयासों एवं बलिदानों से फिर मिला दिया था। लोगों को प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की कही उस बात में दम नज़र आया, जिसमें उन्होंने समझाइश दी थी कि, 'एक सम्प्रदाय की कट्टरता दूसरे सम्प्रदाय की कट्टरता को खत्म नहीं करती बल्कि दोनों मिलकर कट्टरता को बढ़ाते हैं।' यही हो रहा है। देश के बंटवारे के समय की कट्टरता अंग्रेजों व कुछ साम्प्रदायिक संगठनों की देन कही जा सकती है जिस पर आम हिन्दुओं या मुसलिमों का वश नहीं था, लेकिन वर्तमान कट्टरता मौजूदा सत्ता की देन है। सत्ता की चाहत ने देश को इस मोड़ पर ला खड़ा किया है कि हिन्दुओं के त्योहारों पर अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनकी रिहायशी बस्तियों में भय का माहौल हो जाता है। ऐसा न होता तो उत्तर प्रदेश में, जो इस नफ़रती राजनीति की सबसे बड़ी प्रयोगशाला और रणभूमि है- सैकड़ों मस्जिदों को ढंककर न रखा जाता। यह किसी भी सभ्य समाज और लोकतांत्रिक देश के लिये शर्म का विषय होना चाहिये कि बहुसंख्यकों के व्यवहार से अल्पसंख्यक खौफ़ खाते हैं, जबकि बहुसंख्यकों का फर्ज़ बनता है कि वे अल्पसंख्यकों को महफूज़ रखें। पिछले कुछ समय से देश का माहौल देखें तो साफ हो जाता है कि क्यों मस्जिदें ढंकी गयी हैं।

सब को सुरक्षा देना सरकार का काम है, लेकिन जब एक आला पुलिस अधिकारी कहे कि 'जुम्मा साल में 52 बार आता है जबकि होली एक बार ही' और उसे प्रदेश का मुखिया समर्थन दे, तो समझ लेना चाहिये कि स्थिति ठीक नहीं है। पिछले कुछ अर्से से देखें तो हर हिन्दू त्यौहार पर सियासतदान और अनुषांगिक संगठनों के लोग, जिनमें ज्यादातर युवा होते हैं, मस्जिदों के सामने नाचेंगे-गायेंगे। ट्रेनों में कोई मुसलिम मिले तो उसके इर्द-गिर्द हनुमान चालीसा का पाठ शुरू हो जायेगा, जो न तो सामयिक होता है और न ही वांछित। पिछले कुछ समय से रामनवमी हो या हनुमान जयंती या ऐसा ही कोई त्यौहार- मस्जिदों के पास सामने आयोजन होंगे। फिर पत्थर चलेंगे- इस ओर से या उस ओर से। अंततः पुलिस मामले बनेंगे और कुछ लोगों को पकड़कर ले जाया जायेगा। किन्हें ले जायेगा, यह बताने की ज़रूरत नहीं है। यहां तक कि किसी मुसलमान के घर में घुसकर उसकी छत पर लगा झंडा फेंककर भगवा लगाने के लिये युवाओं की बलि ली जा रही है।

एक ओर भाजपा की केन्द्र सरकार के नागरिकता कानून में बदलाव, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का विलोपन, तीन तलाक की समाप्ति, वक्फ़ बोर्ड में बदलाव जैसे कदमों से देश के हर शहर-कस्बे में साम्प्रदायिक तनाव व संघर्ष की जमीन तैयार हो चुकी है, तो वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोगों में मुसलिमों के प्रति खौफ़ पैदा करने एवं हिन्दुओं में असुरक्षा की भावना पैदा कर रहा है। इससे अन्य धर्मों के लोगों के प्रति बहुसंख्यकों में हिंसा व घृणा का स्तर इस स्तर पर पहुंच चुका है कि पूरा देश हिन्दू-मुसलिम विमर्श में फंसकर रह गया है। दुर्भाग्य से नफ़रत के इस सैलाब को लाने वाला स्वयं पार्टी का शीर्ष नेतृत्व है। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों को कपड़ों से पहचानने का दावा करते हैं तो वहीं उप्र के योगी आदित्यनाथ 80 बनाम 20 की बात करते हैं। रमेश विधूड़ी जैसे लोग लोकसभा में मुसलिम सांसद को साम्प्रदायिक गाली देते हैं, तो उधर अनुराग ठाकुर विरोधी दल वालों को गोली मारने की सिफारिश करते हैं।

भारत में मुसलिम शासकों के काल का बार-बार ज़िक्र कर भाजपा-संघ और उसके सहयोगी संगठनों द्वारा लोगों की धार्मिक भावनाओं को पिछले एक दशक से अधिक समय से भड़काया जा रहा है। इसका अंजाम है कि इन दिनों मस्जिदों पर पथराव या उनमें तोड़-फोड़ करने की घटनाओं में बेतरह इज़ाफ़ा हुआ है। इन दिनों औरंगज़ेब विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। सत्ता से नज़दीकी रखने वाले एक कवि ने तो यह सुझाव दिया कि उसके मकबरे को शौचालय बना दिया जाये। ऐसे माहौल में होली देश की धर्मनिरपेक्षता की अग्नि परीक्षा बन गई है। देखना होगा कि इस बार होलिका दहन के साथ धर्मांधता की बुराई समाज जला पाता है या नहीं।

# इस होली क्यों न इनकी मिसाइलों में रंग भर जाए!

इस रंग पर्व पर कल्पना कीजिए कि देश और दुनिया भर में जो मिसाइलें एक दूसरे पर तनी हुई हैं, उनमें रंग भर जाएं तो ये दुनिया किस क़दर रंगीन और रूमानी हो जाएगी। ये नेता जो आए दिन सिर्फ दादागिरी करते हैं, लोगों को बांटते हैं, छोटे देशों को दबाते हैं, उन्हें शायद अंदाज़ा भी नहीं है कि उन्होंने माहौल को कितना बदरंग कर दिया है। ये सुंदर दुनिया दिन-रात किसी चकल्लस करते रहने वाले ग्लोब में बदलती जा रही है। काश इस होली इनकी मिसाइलें भोथरी हो जाएं, ज़ुबां में कुछ मिठास भर जाए ताकि जनता भी कुछ राहत पा सके। डोनाल्ड ट्रम्प तो जैसे अपनी टाई में पूरी दुनिया को लपेट देना चाहते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति को घुमा देना चाहते थे, ग्रीनलैंड और कनाडा की बोली लगा चुके हैं। भारत जैसे देश पर भी टैरिफ की बमबारी कर चुके हैं। उधर इज़राइल जो खुद दूसरे विश्वयुद्ध में प्रताड़ित और जनसंहार के शिकार यहूदियों का देश है, आज फिलिस्तीन को ज़मींदोज़ करने में लगा है। विरोध में दुनिया के लोग सड़कों पर आ रहे हैं लेकिन ये नेता अपने खोल में बैठ न जाने कौन सी विजय धुन बजा रहे हैं। मंगलवार को लोकसभा में जिस तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण साहिबा लाल-लाल होकर तमतमाते हुए विपक्ष के सांसद को ललकार रही थीं, क्या उसकी ज़रूरत वाक़ई थी? क्यों नहीं देश में नागा, कुकी और मैतेई समूह इन नेताओं से दूरी बनाकर आपस में ख़ूनी खेल की बजाय रंग खेलते? क्यों मणिपुर एक साल बाद भी इन नेताओं से शांत नहीं हुआ? राजस्थान में भी कहां कोई रंग जम पा रहा है। होली पर चुहल नहीं नफ़रत के शब्द-बाण ही दोनों पक्षों के विधायक चलाते रहे।

तीन बार के पुलित्ज़र पुरस्कार विजेता थॉमस फ्रीडमैन अपने लेख में लिखते हैं कि-

'जिन चीज़ों से ट्रम्प को चिढ़ है, अमेरिका उन्हीं की वजह से महान बना है।' उन्हें ट्रंप की रणनीति उस तरफ बढ़ती हुई लगती है जहां रूस यूक्रेन को, चीन ताईवान को और अमेरिका ग्रीनलैंड को कब्ज़ा ले। वे लिखते हैं-'स्थानीय मुद्दों को छोड़ आक्रामक विदेश नीति को अपनाने का नुक़सान देश देख चुका है जब जॉर्ज बुश ने इराक पर आक्रमण किया था। यह लड़ाई लड़ी तो आज़ादी के नाम पर गई थी लेकिन उन दिनों जब मैं इराक़ के एक गांव में पहुंचा तो हालात बहुत ख़राब थे। न पीने को पानी था, न खाना और न कोई सुविधा। हमने अपनी बस से जो खाने के पैकेट खिड़की से दिए थे, अस्पताल का स्टाफ उसी पर टूट पड़ा था। यह हाल था जब लड़ाई आज़ादी के नाम पर हुई थी। यह लड़ाई तिरस्कार और अपमानित करने के लिए थी। अमेरिका एक बार फिर ऐसे ही दौर में दाखिल होता दिख रहा है जहां बनाने की बजाय बिगाड़ने पर ज़ोर है। लोगों को काम देने की बजाय उन्हें निकालने की नीति है।'

डोनाल्ड ट्रम्प- वोलिदिमीर ज़ेलेन्स्की विवाद से भी साफ लगता है कि ट्रम्प केवल अमेरिका की विदेश नीति नहीं बदल रहे हैं बल्कि नैतिकता के दिशासूचक यंत्र को



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> मणिपुर में 22 महीनों से कुकी और मैतई सम्प्रदायों के बीच जनजातीय संघर्ष अब भी नहीं थमा है। बीच में लगा था कि मुख्यमंत्री के इस्तीफ़े के बाद हालात सामान्य होंगे और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दावा भी था कि अब मणिपुर में मुक्त आवाजाही शुरू हो सकेगी लेकिन अभी 8 मार्च को ही वहां एक हत्या हुई। मणिपुर में दोनों समूहों के बीच विभाजन रेखा खींची जा चुकी है।

ही घुमा दे रहे हैं। एक युद्धरत देश के राष्ट्रपति के कपड़ों पर टिप्पणी (क्योंकि वे सूट पहनकर नहीं आए थे), रूस के युद्ध विराम को तोड़ने की बात को लगातार अनसुनी करने को संवाद की किस श्रेणी में रखा जाएगा। इस नए अमेरिका से तो अमेरिकी जनता ही डरी हुई लगती है। वह तख्तियां लेकर सड़कों पर है कि 'हमने ऐलन मस्क को नहीं चुना है', 'अमेरिका में कोई राजा नहीं है', 'ट्रंप अमेरिका नहीं है' आदि।

मणिपुर में 22 महीनों से कुकी और मैतई सम्प्रदायों के बीच जनजातीय संघर्ष अब भी नहीं थमा है। बीच में लगा था कि मुख्यमंत्री के इस्तीफ़े के बाद हालात सामान्य होंगे और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दावा भी था कि अब मणिपुर में मुक्त आवाजाही शुरू हो सकेगी लेकिन अभी 8 मार्च को ही वहां एक हत्या हुई। मणिपुर में दोनों समूहों के बीच विभाजन रेखा खींची जा चुकी है। इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक बीच-बीच में केवल बफर ज़ोन बने हुए हैं जो केंद्रीय सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में हैं। यह घटना शांति प्रयासों को बड़ा झटका है। क्या ये दोनों समुदाय इस ख़ूनी संघर्ष को रोकने के लिए कोई कदम नहीं बढ़ा सकते? मंगलवार को संसद में जिस तरह वित्त मंत्री और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के बीच शब्द बाण चले उसकी शुरूआत भी मणिपुर पीड़ा से हुई थी। गोगोई कह रहे थे- 'मणिपुर की समस्या बन्दूक से नहीं सुलझेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर जाएं और लोगों से बात करें कि उनका क्या भय है, उन्हें सुनें। जब भी कोई मुद्दा देश का आता है प्रधानमंत्री जी गायब हो जाते हैं।' इतना कहते ही पहले लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें रोककर कहा कि -प्रधानमंत्री लोकसभा को सूचित करके ही जाते हैं। फिर तुरंत निर्मला सीतारमण ने कहा कि विपक्ष कभी भी प्रधानमंत्री का सम्मान नहीं करता। क्रोधित होते हुए कहा कि उन्होंने कितनी ही बार प्रधानमंत्री को बोलने नहीं दिया, ये वेल में आकर चिल्लाते हैं। आज ये सब भूलकर गोगोई कहते हैं कि वे प्रधानमंत्री का सम्मान करते हैं।' जवाब में गोगोई कहते हैं कि मोदी का पिछला पूरा भाषण पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को अपमानित करने वाला था। बहरहाल, पक्ष और विपक्ष जो सदैव एक-दूसरे के खिलाफ नाखून तेज़ किये रहते हैं उन्हें इस होली पर सद्भाव की ख़ास ज़रूरत है। कई बार खुद को देश से भी ऊपर रख देते हैं।

राजस्थान विधानसभा में इस सप्ताह यही हाल दिखा। जयपुर के विधायक रफ़ीक खान कह रहे थे कि, 'जीत के बाद 100 दिन के बड़े पोस्टर लगाए गए थे कि यह कर देंगे, वह कर देंगे लेकिन कोई सदस्य गिना नहीं पाया कि उन्होंने क्या किया है। पहली बार अशोक गहलोत सरकार ने राजस्थानवासियों को मकानों के पट्टे जारी किए जबकि नई सरकार बचे हुए पट्टे देने का काम भी पूरा नहीं कर पाई।' भाजपा के पहली बार के विधायक गोपाल शर्मा बीच में उठकर कहने लगे कि 'कुछ भी बोल जाते हैं विधानसभा में। देश में जनता में क्या संदेश जाएगा?' उन्होंने विधायक को 'पाकिस्तानी' कह दिया। बाद में विधायक रफ़ीक खान ने भावुक होकर कहा कि' मैं दो रात से सो नहीं पाया हूं। विधानसभा में मेरे व्यक्तित्व का चीरहरण हुआ है । यदि शब्दों की इतनी ही दरिद्रता है तो आप एक क़ानून लाओ कि आगे से कोई मुस्लिम विधायक विधानसभा में चुनकर नहीं आएगा।'

शायद ये दो विधायक आपस में गुलाल लगाकर और मीठा खिलाकर इस कड़वाहट को ख़त्म करें। हालांकि ऐसा होने की कोई उम्मीद नहीं है क्योंकि सब को पता है कि ऐसे बयानों की पार्टी स्तर पर कोई आलोचना नहीं होती बल्कि गालीबाज़ों को नवाज़ा जाता है। अब यह आम है कि आप बात भले ही मुद्दों पर करना चाह रहे हैं लेकिन जवाब मज़हब और जाति की पहचान के साथ मिलता है। हम इसी में उलझा दिए गए हैं। ऐसे में फिर बहस की कोई गुंजाईश कहां रह जाती है? संसद और विधानसभा में भी जब यूं आवाज़ दबेगी तब लोकतंत्र केवल ऊंची दीवार वाला सुन्दर भवन बनकर रह जाएगा। होली के रंग अब फ़ीके हैं। वह और दौर था जब नज़ीर अकबराबादी ने पूरी ग़ज़ल होली की धमक पर लिखी थी, जिसका एक शेर यूं है-

जब फागुन रंग झमकते हों तो तब देख बहारें होली की।

और डफ़ के शोर खड़कते हों तब देख बहारें होली की।

दूसरी, अमीर ख़ुसरो की एक नज़्म की पंक्तियां हैं-
तुम मिरे क़त्ल के बाद
अपनी महफ़िल तो सजाओगे मगर
मुझ को नहीं पाओगे
फिर किसे देख के शर्माओगे।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार है)**

# जीडीपी की अंधी दौड़ से बढ़ेगा प्रदूषण

12 मार्च को एक राष्ट्रीय समाचारपत्र के अहमदाबाद संस्करण में एक शीर्षक ने ध्यान आकर्षित किया, 'क्या उपभोग की गरमाहट खपत को ठंडा कर सकती है?' विडंबना यह है कि 1930 में 12 मार्च के ही दिन गांधीजी और उनके चुने हुए 79 सत्याग्रहियों ने नमक कानून तोड़ने के लिए सुबह 6 बजे साबरमती आश्रम छोड़ दिया था। यही था सुप्रसिद्ध दांडी मार्च। प्रामाणिक दस्तावेजों में उस ऐतिहासिक दिन के विवरण में असामान्य गर्मी या तापमान में वृद्धि का उल्लेख नहीं किया गया था।95 साल में मौसम विभाग ने रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अहमदाबाद में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। उस जमाने में तब शायद ही कोई मध्यवर्गीय अपने घर में पंखा लगे होने का दावा कर सकता था। होली के त्यौहार के समय सुबह ठंडी होती थी और दोपहर में तापमान 35 डिग्री से ऊपर नहीं जाता था। 22 दिसंबर, 1916 को गांधीजी ने इलाहाबाद में अर्थशास्त्रियों के समक्ष व्याख्यान दिया था जिसका शीर्षक था 'क्या आर्थिक प्रगति वास्तविक प्रगति से टकराती है?' 12 मार्च को प्रकाशित इस समाचार में यह प्रश्न पुनः उठाया गया है। समाचार रिपोर्ट में कहा गया है- 'आधिकारिक मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस साल अधिक तीव्र गर्मी पड़ेगी। इस चेतावनी में भी उम्मीद की एक परत है क्योंकि तापमान सामान्य से अधिक होता है इसलिए एयर कंडीशनर, कूलर और शीत पेय पदार्थ जैसे उत्पादों की बिक्री में विशेष रूप से मजबूती देखी जाती है। यह मजबूती भारत की शहरी खपत में चल रही मंदी के बीच उपभोक्ता आधारित कंपनियों के लिए राहत प्रदान करता है'। इस संदर्भ में गांधीजी ने अपने व्याख्यान में कहा था- 'पश्चिमी देश आज भौतिकवाद के राक्षस-देवता की एड़ी के नीचे कराह रहे हैं। उनका नैतिक विकास अवरुद्ध हो गया है। वे अपनी प्रगति को पाउंड में मापते हैं। साउथ डकोटा अमेरिकी धन मानक बन गया है। वह अन्य राष्ट्रों के लिए ईर्ष्या का विषय है। मैंने अपने कई देशवासियों को यह कहते सुना है कि हम अमेरिकी धन हासिल करेंगे लेकिन इसके तरीकों से बचें। मैं यह सुझाव देने का साहस करता हूं कि यदि ऐसा प्रयास करते हैं तो और यदि यह किया गया था, तो यह विफलता का पूर्वाभास है।' (कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खंड 13, पृष्ठ 310-17)



डॉ. सुदर्शन अयंगर

> खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।

कयामत के दिन के बारे में गांधीजी द्वारा की गयी भविष्यवाणी भले ही सच साबित न हुई हो लेकिन प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन तेजी से महसूस किया जा रहा है। उपर्युक्त समाचार में मुद्दा यह है कि प्रतिकूल जलवायु की स्थिति में भारत के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने की क्षमता है! कोई यह तर्क दे सकता है कि गर्मियों के महीनों (मार्च-जुलाई) में आम तौर पर कुछ उपभोक्ता सामग्रियों, जैसे कोल्ड ड्रिंक, टैल्कम पाउडर, आइसक्रीम आदि की मांग में वृद्धि होती है। हालांकि, पिछले तीन दशकों में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेगमेंट ने बिक्री में 40 से 60 फीसदी के बीच अधिक वृद्धि दिखाई है। तर्क यह है कि गर्मी में लू की घटनाएं जितनी अधिक होती हैं तथा दिन व रात का तापमान जितना अधिक होता है, कूलर और एयर कंडीशनर जैसे शीतलता प्रदान करने वाले उपकरणों की बिक्री उतनी ही अधिक होती है। यदि सर्दियों में शीत लहर चली तो भी इसी तरह के तर्क दिए जाएंगे।उस समय हीटिंग उपकरणों, गर्म कपड़ों और विशेष खाद्य व पेय पदार्थों के अधिक बाजार होंगे।

क्या यह एक चक्र नहीं है? और क्या हम इसमें फंस नहीं गए हैं? यह सब ऊर्जा उपयोग में भारी वृद्धि का कारण बनेगा जिनमें से अधिकांश जीवाश्म ईंधन आधारित है। कार्बन और अन्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि होगी। यह कम कार्बन वाली वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने के लिए प्रौद्योगिकी और मशीनों में अधिक सार्वजनिक और निजी निवेश को आकर्षित करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सुपर ऑटोमेशन कम लागत और प्रतिस्पर्धी होने के लिए काम पर कम लोगों को सहन करेंगे। बेरोजगारों के कल्याण के लिए राज्यों को कल्याणकारी कार्यक्रम और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली खैराती योजनाएं लागू करनी होंगी।

खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।

सामान्य और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के साथ-साथ अधिक पेशेवर व्यायामशालाएं तथा अधिक प्रशिक्षक सामने आएंगे। मोटी फीस लेने वाले विश्वविद्यालयों में इन समस्याओं से निपटने के लिए अधिक तकनीकी और विशेष शैक्षिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ऐसा मालूम होता है या इससे यह संदेश मिल रहा है कि निरंतर जलवायु परिवर्तन में ही जीडीपी वृद्धि की संभावना निहित है। चेतावनी जारी करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) मौजूद नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र (यूएनओ) भी गायब हो जाएगा और इसलिए अन्य समझौते भी समाप्त हो जाएंगे। प्रत्येक देश जीडीपी और इसके निरंतर विकास को अधिकतम करने के लिए स्वतंत्र और स्वायत्त होगा। यूएनओ के बिना 2030 तक वैश्विक स्तर पर गरीबी और भुखमरी को खत्म करना, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए निर्धारित 17 लक्ष्यों का सतत विकास लक्ष्य समूह (एसडीजी) बेअसर हो जाएगा।

आश्चर्य की बात नहीं है कि गांधीजी ने इसे 'भौतिकवाद का राक्षस-देवता' कहा था। गांधीजी ने कोई धार्मिक उपदेश नहीं दिया लेकिन उन्होंने सीमित भौतिक उन्नति के साथ मनुष्यों की जीवन शैली को विनियमित करने के नैतिक मूल्य के बारे में बताकर धार्मिकता लाई।

यह बीमारी कहीं और है और 109 साल पहले गांधी जी हमें दिखाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने लिखा। क्योंकि हम विज्ञान के बारे में पर्याप्त जानते हैं और यह महसूस करने के लिए कि हमारे इस दृश्य ब्रह्मांड में पूर्ण विश्राम या विश्राम जैसी कोई चीज नहीं है ... ऐसा लगता है कि वे स्वर्गीय सर विलियम विल्सन हंटर से प्रभावित हैं जो यह कहते हैं कि भारत के 3 करोड़ लोगों को सिर्फ एक समय का भोजन मिलता है। वे कहते हैं कि इससे पहले कि हम उनके नैतिक कल्याण के बारे में सोच सकें या बात कर सकें, हमें उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करना होगा। इनके साथ ही वे कहते हैं कि भौतिक प्रगति ही नैतिक प्रगति का मंत्र है। फिर अचानक छलांग लगाई जाती है-जो तीन करोड़ का सच है वह ब्रह्मांड का सच है। वे भूल जाते हैं कि कठिन मामले खराब कानून बनाते हैं ... प्रत्येक मनुष्य को जीने का अधिकार है और इसलिए वह खुद को खिलाने के साधन खोजने के लिए और उसे कपड़े पहनने और खुद को घर देने का अधिकार है।

उन्होंने आगे कहा- एक सुव्यवस्थित समाज में किसी की आजीविका की सुरक्षा दुनिया में सबसे आसान काम होना चाहिए। वास्तव में, किसी देश में सुव्यवस्था की परीक्षा उसके पास करोड़पतियों की संख्या नहीं है बल्कि इसकी जनता के बीच भुखमरी की अनुपस्थिति है। एकमात्र जांच की जानी है कि क्या इसे सार्वभौमिक अनुप्रयोग के कानून के रूप में निर्धारित किया जा सकता है कि भौतिक उन्नति का अर्थ नैतिक प्रगति है।

जलवायु परिवर्तन से हमारे लिए खतरा वास्तविक है। एसडीजी या इसी तरह के लक्ष्यों में परिलक्षित मानव ज्ञान बेलगाम खपत और जीडीपी वृद्धि को रोकने के लिए कहता है। अर्थशास्त्री जो प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में महान जीडीपी विकास क्षमता देखते हैं, भौतिक प्रगति के राक्षस-देवता के समर्थक बन गए हैं। गांधी हमें इनसे बचने का इशारा करते हैं।

**(लेखक गुजरात विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**



## ललित सुरजन की कलम से

## ख़ुशी के पैमाने पर भारत

*'हमारे देश का कायांतरण एक अशांत और विक्षुब्ध समाज के रूप में हो गया है। हम बात-बात में क्रोधित होने लगे हैं। आप चाहें तो इसका दोष सिनेमा, टीवी, अपसंस्कृति वगैरह-वगैरह को दे सकते हैं, लेकिन यह सच्चाई का एक छोटा हिस्सा है। इस देश के धर्मोपदेशक और ईश्वर के दूत क्या कर रहे हैं? हमारे अपने घर का वातावरण क्या है? हम जिस मुहल्ले या कालोनी में रह रहे हैं क्या वहां सामाजिक समरसता है? अपने बच्चों को जिन स्कूलों में पढ़ने भेज रहे हैं क्या वहां समता व सौहार्द्र का वातावरण है? अगर वृहतर परिदृश्य में देखें तो पाएंगे कि हमने पूंजीवाद के उपकरण तो अपना लिए हैं, लेकिन सामंती संस्कार और कबीलाई मानसिकता से छुटकारा नहीं पा सके हैं।'*

**(देशबंधु में 22 मार्च 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/03/blog-post_21.html

## पावन प्रसंग

### 'हैप्पी होली' के मैसेज ने ली दिल से जुड़े रिश्ते की जगह

होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियां अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज़ और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक नीरसपन ने ले ली है। 'आओ राधे खेलें फाग, होली आई' के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-नंगाड़े की थाप के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियां वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर नंगाड़े की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित करते थे। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए 'हैप्पी होली' के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहां तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज़्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की ख़ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय की भावना कम होती जा रही है। फ़ोन पर एक साधारण 'होली मुबारक' ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं।

पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएं होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और नंगाड़े की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंत भावना कहां चली गई है?

**प्रियंका सौरभ**

## आपके पत्र

### बुरा न मानो होली है-टैग बदलना होगा

होली के नाम पर रंग लगाने के बहाने किसी को छू लेना बड़ा सहज है। यह काम घर की चहार-दीवारी में तो और भी आसान हो जाता है । कारण यह कि आपत्ति दर्ज कराने की हिम्मत किसी में नहीं होती है । देवर - भाभी , जीजा - साली का तो मानो यह हक ही बन गया है ! है ना ! लेकिन इन रंगों की आड़ में बहुत कुछ घटित हो जाता है , जिसे सभ्य समाज देखना नहीं चाहता । जहां तक मैं समझता हूं इस तरह की आपत्तिजनक स्थिति केवल होली की वजह से नहीं बल्कि मानवीय समाज में लड़कियों को चुप रहने की अभिनय कुशलता के कारण अनेक अवसरों पर दिखाई पड़ रही है ! इसी कारण मैं कहना चाहता हूं आज समय के साथ होली के मायने बदल गए हैं । होली के रंग में अश्लीलता और फूहड़ता की मिलावट ने इसे बदरंग कर दिया है ! यही कारण है कि लोकपर्व होली का उमंग और उत्साह फीका नजर आने लगा है ! चौपाल की परंपरा और फगुआ गीत भी अपना अस्तित्व खो चुके हैं ! शायद इसी वजह से समाज का सभ्य और बड़ा वर्ग इसे संस्कृति और परंपरा के अंत के रूप में देखने लगा है ! यह भारतीय त्यौहार के नजरिए से ठीक नहीं है । होली का त्यौहार ही वह उत्सव हुआ करता था जिसके माध्यम से पारंपरिक गीतों में झूमकर हम खुद को प्रकृति के करीब महसूस किया करते थे । गीतों के जरिए नई पीढ़ी अपनी परंपरा , संस्कृति को समझा करती थी , किंतु अब वह सुंदर और सभ्य परंपरा छूटती जा रही है ! युवा पीढ़ी परंपराओं को भूलती जा रही है।

आज की होली और आज से चार दशक पूर्व की होली की तुलना की जाए तो हमें काफी बड़ा अंतर दिखाई पड़ता है । आज की होली डिजिटल हो गई है ! अब होली युवाओं के लिए केवल फेसबुक , इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया मंच पर सेल्फी का पर्याय बनकर रह गई है । पहले की होली में गांव की चौपाल में इकट्ठा फाग और जोगिरा गीत गाकर मौजूद लोगों द्वारा सर.. र .. र ..कहकर माहौल मस्ती वाला बना दिया जाता था , जो अब लुप्त हो चुका है ! हमारे विविधता से परिपूर्ण भारतवर्ष में कई तरह की होली मनाई जाती है । मथुरा - वृन्दावन में जहां फूलों की होली होती है वहीं राजस्थान में कपड़ा फाड़ होली मनाई जाती है ! देशी और विदेशी पर्यटक इस होली का लुत्फ उठाने राजस्थान पहुंचते रहे हैं ! पुष्कर के वराह घाट पर खेली जाने वाली कपड़ा फाड़ होली का विरोध भी सामने आता रहा है । फूहड़ता की वजह से संत समाज इस होली के विरोध में साथ खड़ा नजर आता है । एक - दूसरे को रंग - गुलाल लगाने के बाद लोगों के बीच कपड़ा फाड़ने की होड़ लग जाती है ! काफी विरोध के बाद इस कपड़ा फाड़ होली में थोड़ा परिवर्तन आया है । अब लोग एक - दूसरे के कपड़े फाड़ने के स्थान पर रंगों में सराबोर होने के बाद खुद के कपड़े फाड़ लेते हैं । वैसे प्रशासन इस कपड़ा फाड़ होली पर मुस्तैद रहता है और अश्लीलता की हदें पार नहीं करने देता है । फिर भी इस तरह की होली सामाजिक परिदृश्य में उचित नहीं मानी जानी चाहिए।

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव**

# खेल जगत

### एलएसजी के लिए बतौर बल्लेबाज खेलेंगे मिचेल मार्श

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि मेगा नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) द्वारा चुने जाने के बाद ईशान किशन के पास आगामी आईपीएल 2025 में अपने करियर को पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा अवसर है। चोपड़ा ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे किशन बल्ले से अपनी सिद्ध क्षमता के बावजूद राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के रडार से पूरी तरह से गायब हो गए हैं। चोपड़ा ने अपने यू ट्यूब चैनल पर कहा कि किसी भी कारण से, वह रडार से पूरी तरह से गायब हो गए हैं। ऐसा लगता है कि कोई भी उनके बारे में बात नहीं कर रहा है या उनके महत्व को नहीं समझ रहा है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी खेला और वहां रन बनाए, वह सब कुछ कर रहे हैं, लेकिन कोई भी उनके बारे में बात नहीं कर रहा है।



### विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री

## भारत ने पदक तालिका में अपना दबदबा कायम रखा

- अर्जुन पुरस्कार विजेता अंकुर धामा 5000 मीटर टी12 दौड़ में भाग लेंगे
- भारतीय दल और भी मजबूत प्रदर्शन के लिए तैयार



**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। प्रतियोगिता का अंतिम दिन नजदीक आते ही भारत ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में अपना दबदबा कायम रखा है। भारत ने 33 स्वर्ण, 29 रजत और 33 कांस्य सहित 95 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। भारत के बाद तटस्थ पैरा एथलीट दल है, जो कुल 26 पदक (13 स्वर्ण, 9 रजत और चार कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि उज्बेकिस्तान चार स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक के साथ शीर्ष तीन में है।

भारतीय दल और भी मजबूत प्रदर्शन के लिए तैयार है। प्रतिस्पर्धा करने वाले एथलीटों में प्रीति पाल भी शामिल हैं, जिन्होंने पहले ही ग्रां प्री में रजत पदक हासिल कर लिया है और अब वे 200 मीटर टी38 स्पर्धा में भाग लेंगी। स्प्रिंट स्पर्धाओं में अपने लगातार प्रदर्शन के लिए मानी जाने वाली प्रीति अपने नाम एक और पदक जोड़ने का लक्ष्य रखेंगी। रवि रंगोली शॉट पुट एफ41 श्रेणी में भाग लेंगे, जो पिछली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद गति को आगे बढ़ाएगा, जहां वे लगातार अपनी श्रेणी में शीर्ष थ्रोअर में से एक रहे हैं। भारत के सबसे अनुभवी पैरा-एथलीटों में से एक और अर्जुन पुरस्कार विजेता अंकुर धामा 5000 मीटर टी12 दौड़ में भाग लेंगे। उन्होंने कई पैरालंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और लंबी दूरी की स्पर्धाओं में एक जानी-मानी ताकत हैं,एशियाई पैरा खेलों की पदक विजेता कशिश लाकड़ा डिस्कस थ्रो एफ53 स्पर्धा में भाग लेंगी। वह भारतीय पैरा-एथलेटिक्स में एक उभरते हुए सितारे के रूप में उभरी हैं, उन्होंने व्हीलचेयर थ्रो स्पर्धाओं में अपनी पहचान बनाई है। प्रणब प्रशांत देसाई, जिन्होंने पहले एशियाई युवा पैरा खेलों में पदक जीते हैं, 200 मीटर टी64 स्प्रिंट में एक्शन में दिखाई देंगे। उनकी विस्फोटक गति और तकनीक उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं में देखने लायक बनाती है। बालाजी राजेंद्रन शॉट पुट एफ11 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अपने शक्तिशाली थ्रो और दृढ़ निश्चय के लिए माने जाने वाले बालाजी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पैरा-एथलेटिक्स स्पर्धाओं में नियमित रूप से पोडियम पर आते रहे हैं। अभिषेक बी जाधव, जो राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक विजेता हैं और अपनी दृढ़ता और तेज गति के लिए जाने जाते हैं, 200 मीटर टी35 स्पर्धा में भाग लेंगे और उनसे भारतीय दल के लिए एक और मजबूत प्रदर्शन करने की उम्मीद है। ग्रां प्री में वैश्विक स्टार आकर्षण जोड़ते हुए, दिग्गज पैरा एथलीट वैनेसा लो भी टी38, टी44, टी61 और टी64 श्रेणियों के लिए महिला लॉन्ग जंप स्पर्धाओं में एक्शन में नजर आएंगी। दो बार की पैरालंपिक पदक विजेता और विश्व रिकॉर्ड धारक, वैनेसा की उपस्थिति एथलीटों की एक पीढ़ी को प्रेरित करने और प्रतियोगिता को एक विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए तैयार है। भारतीय एथलीटों और वैनेसा लो जैसे अंतरराष्ट्रीय आइकन की मजबूत लाइनअप के साथ, अंतिम दिन खेल उत्कृष्टता, लचीलापन और रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन का जश्न मनाने का वादा करता है।

## द्रविड़ बैसाखी के सहारे राजस्थान रॉयल्स के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के मुख्य कोच राहुल द्रविड़, जो बेंगलुरु में एक क्लब मैच के दौरान अपने बाएं पैर में चोट लगने के एक सप्ताह बाद जयपुर में टीम के तैयारी शिविर में शामिल हुए, बैसाखी के सहारे प्रशिक्षण सत्र में पहुंचे। आरआर द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, द्रविड़ को एक प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए मेडिकल बूट के साथ एक गोल्फ कार्ट पर आते और गाड़ी से उतरते ही बैसाखी का सहारा लेते देखा जा सकता है। चोट के बावजूद और अपनी गतिशीलता के लिए बैसाखी पर निर्भर रहने के बावजूद, मुख्य कोच प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल थे और पूरे सत्र की बारीकी से निगरानी कर रहे थे। श्री नासूर मेमोरियल शील्ड के लिए कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ग्रुप ढ्ढ, लीग ||| सेमीफाइनल में जयनगर क्रिकेटर्स के खिलाफ विजया क्रिकेट क्लब के लिए खेलते समय द्रविड़ की बाईं पिंडली की मांसपेशी में चोट लग गई थी। रॉयल्स ने बुधवार को द्रविड़ की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने बाएं पैर पर प्लास्टर पहने हुए थे, और पोस्ट को कैप्शन दिया, कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़, जिन्हें बैंगलोर में क्रिकेट खेलते समय चोट लगी थी, वे ठीक हो रहे हैं और आज (बुधवार) जयपुर में हमारे साथ जुड़ेंगे। भारत के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ ने 22 फरवरी को नासूर मेमोरियल शील्ड में केएससीए ग्रुप I, डिवीजन ||| लीग मैच में अपने छोटे बेटे अन्वय के साथ खेलकर क्रिकेट के मैदान पर आश्चर्यजनक वापसी की।

### विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल

## दूसरे दिन भारत ने जीते 5 पदक, पदकों की संख्या हुई 9

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। पहले दिन से लगातार सफलता के सिलसिले को जारी रखते हुए भारतीय एथलीटों ने विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 के दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन किया। दो खेलों में दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या अब नौ हो गई है। टूर्नामेंट के पहले दिन भारत को चार पदक दिलाने वाले स्नोबोर्डिंग ने बुधवार को पदकों की संख्या में दो और पदक जोड़े। भारती (डिवीजन एफ25) ने नोविस स्लैलम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हर्षिता ठाकुर (डिवीजन एफ26) ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह भारती का टूर्नामेंट में दूसरा स्वर्ण पदक है, जबकि हर्षिता ने पहले दिन रजत पदक जीता था। भारतीय दल ने अल्पाइन स्कीइंग में भी अपनी छाप छोड़ी, जिसमें एक स्वर्ण और दो रजत पदक हासिल किए। निर्मला देवी (डिवीजन एफ06) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि राधा देवी (डिवीजन एफ01) ने इंटरमीडिएट जायंट स्लैलम फाइनल में रजत पदक जीता। इस बीच, अभिषेक कुमार (डिवीजन एम02) ने नोविस जायंट स्लैलम फाइनल में रजत पदक जीता, जिससे भारत की प्रभावशाली तालिका में और इजाफा हुआ। स्नोबोर्डिंग के लिए भारत के मुख्य कोच अनूप कुमार शर्मा ने टूर्नामेंट में एथलीटों के प्रयासों और प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें बेहद गर्व है कि हमारे एथलीटों ने स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स अभियान की इतनी सफल शुरुआत की है। हम पहले ही नौ पदक हासिल कर चुके हैं, जिनमें से छह स्नोबोर्डिंग में हैं। उनकी कड़ी मेहनत रंग ला रही है, और वे इस पदक तालिका को और बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, उनका लक्ष्य रिकॉर्ड तोड़ना और ऐतिहासिक संख्या में पदक लाना है। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स ट्यूरिन 2025 में 102 देशों के 1,500 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं।



- भारती (डिवीजन एफ25) ने नोविस स्लैलम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हर्षिता ठाकुर (डिवीजन एफ26) ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

टूर्नामेंट में खेले जाने वाले खेलों की कुल संख्या आठ है, जबकि भारतीय दल छह स्पर्धाओं में भाग ले रहा है- स्नोबोर्डिंग, स्नोशूइंग, अल्पाइन स्कीइंग, स्पीड स्केटिंग, फ्लोरबॉल और क्रॉस कंट्री स्कीइंग।

## सबालेंका दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची, बेनसिक ने गॉफ को हराया



**इंडियन वेल्स,** 13 मार्च (एजेंसियां। विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को इंडियन वेल्स ओपन में लकी लूजर सोनय कार्तल का सिलसिला खत्म करते हुए 6-1, 6-2 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर अपने करियर के 25वें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और यह इस सीजन का उनका पहला डब्ल्यूटीए1000 क्वार्टर फाइनल है। सबालेंका इससे पहले 2023 में इंडियन वेल्स में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं, जब वह फाइनल तक पहुंची थीं। बेलारूस की अगली खिलाड़ी नंबर 24 वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा हैं, जिन्होंने नंबर 6 वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-0, 6-4 से हराया। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका विश्व नंबर 1 के रूप में डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर अपने सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ परिणाम को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हैं, क्योंकि वह 2023 में चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं, जब वह रैंकिंग में शीर्ष पर थीं। एक अन्य मैच में, वाइल्ड कार्ड बेलिंडा बेनसिक ने 2 घंटे और 20 मिनट में नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर मां के रूप में अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## इंग्लैंड करेगा कबड्डी विश्वकप की मेजबानी

- कबड्डी विश्वकप को पहली बार एशिया से बाहर ले जाना हमारे खेल के विकास का प्रमाण है



**लंदन,** 13 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड 17 से 23 मार्च तक वेस्ट मिडलैंड्स में होने वाले कबड्डी विश्वकप की मेजबानी करेगा। यह पहली बार होगा जब कबड्डी विश्वकप का आयोजन एशिया से बाहर होगा। यह प्राचीन भारतीय खेल की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता को दर्शाता है। ऑनलाइन मीडिया संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को विश्व कबड्डी के आयोजकों और स्थानीय अधिकारियों ने 17 से 23 मार्च तक चलने वाले सात दिवसीय टूर्नामेंट की तैयारियों पर चर्चा की। इस टूर्नामेंट के करीब 50 मैच बर्मिंघम, कोवेंट्री, वॉल्सॉल और वॉल्वरहैम्प्टन में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विश्व कबड्डी के अध्यक्ष अशोक दास ने कहा कि कबड्डी विश्व कप में एक सप्ताह से भी कम समय शेष है, हमारे खेल के लिए इस ऐतिहासिक क्षण के लिए दुनिया भर के खिलाड़ियों, कोचों और प्रशंसकों में उत्साह बढ़ रहा है। कबड्डी विश्वकप को पहली बार एशिया से बाहर ले जाना हमारे खेल के विकास का प्रमाण है। कबड्डी एक बेहद लोकप्रिय और निवेश योग्य वैश्विक प्रस्ताव है, और हमें उम्मीद है कि यह ओलंपिक तक पहुंचाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकता है। कबड्डी का इतिहास चार हजार से अधिक पुराना है। वर्ष 1936 के ओलंपिक खेलों में इसे शामिल किया गया था और वर्ष 1990 से एशियाई खेलों में इसका आयोजन हुआ था। ब्रिटिश कबड्डी लीग के मुख्य कार्यकारी प्रेम सिंह ने कहा कि हम कबड्डी विश्वकप को वेस्ट मिडलैंड्स में लाकर हजारों कबड्डी खिलाड़ियों के दशकों पुराने सपने को पूरा करने के ओर भी करीब पहुंच गये हैं।

## ड्रग सप्लाई के आरोपों से बरी हुए स्टुअर्ट मैकगिल

**मेलबर्न,** 13 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट मैकगिल को यह पता था कि वह एक कोकीन सौदे में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन वह इस बात से अनजान थे कि उनके रेस्तरां में यह लेनदेन एक बड़े स्तर पर हो रही है। यह फैसला सिडनी की जिला अदालत का है जिसने गुरुवार को पूर्व लेगस्पिनर को अप्रैल 2021 में बड़े स्तर पर ड्रग सप्लाई में हिस्सा लेने के आरोपों से बरी कर दिया। जूरी ने पाया कि पूर्व ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर के नियमित तौर पर ड्रग डीलर और उनके बहनोई मैरिनो सोतिरोपोलोस के बीच 3,30,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के एक किलोग्राम कोकीन का अवैध रूप से लेनदेन हुआ था। सिडनी के उत्तरी तट पर स्थित अपने रेस्तरां में क्रिकेटर ने इस बैठक की योजना बनाई लेकिन उन्होंने इस बात से इनकार किया कि उन्हें इस डील के बारे में कोई जानकारी थी। हालांकि दूसरे पक्ष ने यह दलील दी कि बिना मैकगिल की संलिप्तता के इतना बड़ा सौदा होना संभव ही नहीं है। हालांकि जूरी ने मैकगिल के एक किलोग्राम के कोकिन सौदे की जानकारी होने के दावे को खारिज कर दिया लेकिन उन्हें कम स्तर के आरोप का दोषी पाया।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम बहुत जल्द जीतेगी आईसीसी ट्रॉफी : पोंटिंग





मुझे नहीं लगता कि न्यूजीलैंड का अभियान खराब था। उन्होंने शानदार टूर्नामेंट खेला : रिकी पोंटिंग

**दुबई,** 13 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड की टीम आईसीसी प्रतियोगिताओं में शानदार खेल दिखाती है और जिस तरह से उन्होंने टूर्नामेंट में खेला है, उस पर उन्हें गर्व होना चाहिए। न्यूजीलैंड की टीम हाल ही में सम्पन्न हुई चैंपियंस ट्रॉफी में रनर-अप रही थी, जहां दुबई में फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने उन्हें 4 विकेट से मात देकर ट्रॉफी उठाई थी। पोंटिंग का मानना है कि यह केवल समय की बात है जब न्यूजीलैंड की टीम भी आईसीसी खिताब जीत सकती है। यह न्यूजीलैंड का 7वां आईसीसी फाइनल था। इस टीम को 2021 के टी20 विश्व कप में भी दुबई में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। सच यह है कि कीवी टीम 7 फाइनल में केवल दो बार ही जीत दर्ज कर सकी है। एक बार उन्हें आईसीसी नॉकआउट में 2000 में जीत मिली थी और दूसरी जीत 2021 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के उद्घाटन संस्करण में भारतीय टीम को हराकर मिली थी। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू के ताजा एडिशन में बात करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि न्यूजीलैंड का अभियान खराब था। उन्होंने शानदार टूर्नामेंट खेला। वे एक टीम के तौर पर शुरू से आखिर तक जबरदस्त थे। मुझे टूर्नामेंट की शुरुआत में चार सेमीफाइनलिस्ट के नाम देने के लिए कहा गया था, तब न्यूजीलैंड का नाम मेरे जेहन में था क्योंकि वे हमेशा ऐसा करते हैं। पोंटिंग ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड की 50 रनों की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह न्यूजीलैंड की दक्षिण अफ्रीका पर जबरदस्त जीत थी। उन्होंने पूरे मैच में आधिपत्य बनाए रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 362 रनों का स्कोर बनाया जो चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे बड़ा स्कोर है।

## पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज के लिए क्राइस्टचर्च पहुंची



- पाकिस्तान को अपने तीन सप्ताह के दौरे के दौरान पांच टी20 और तीन वनडे खेलने हैं

**क्राइस्टचर्च,** 13 मार्च (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 मार्च से होने वाली टी20 सीरीज के पहले मैच से पूर्व पाकिस्तान की टीम गुरुवार को क्राइस्टचर्च पहुंची। पाकिस्तान को अपने तीन सप्ताह के दौरे के दौरान पांच टी20 और तीन वनडे खेलने हैं। यह घरेलू आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान की पहली सफेद गेंद की सीरीज होगी, जहां वे एक भी मैच जीतने में विफल रहे और टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए। पाकिस्तान न्यूजीलैंड और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से हार गया, इसके बाद रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण धुल गया था। टी20 में, पाकिस्तान की कमान सलमान आगा के हाथों में होगी, जबकि शादाब खान उप-कप्तान होंगे, जबकि तीन अनकैप्ड खिलाड़ी - अब्दुल समद, हसन नवाज और मोहम्मद अली-को बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में टीम में शामिल किया गया है। रिजवान वनडे कप्तान बने रहेंगे, जबकि सलमान 29 मार्च से 5 अप्रैल तक दौरे के अंत में होने वाले तीन 50 ओवर के मैचों के लिए उनके डिप्टी होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सलमान और शादाब को क्रमश: टी20 कप्तान और उप-कप्तान नियुक्त करने का निर्णय दो प्रमुख आगामी टूर्नामेंटों-एसीसी पुरुष टी20 एशिया कप 2025 (सितंबर 2025) और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 (फरवरी/मार्च 2026) को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

### सार संक्षेप

#### एलएसजी के लिए बतौर बल्लेबाज खेलेंगे मिचेल मार्श

**लखनऊ।** ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स(एलएसजी) के लिए बतौर बल्लेबाज खेलेंगे। विशेषज्ञ की सलाह के बाद समस्या से उबरने के बाद पिछले कुछ सप्ताह से उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास शुरु किया है और उन्हें आईपीएल मे केवल बल्लेबाज के रूप में खेलने की अनुमति मिली है। मार्श को एलएसजी ने उन्हें पिछले साल नीलामी में 3.40 करोड़ रुपए में खरीदा था। मार्श 18 मार्च को एलएसजी की टीम के साथ जुड़ सकते हैं। पिछले वर्ष सितंबर में इंग्लैंड दौरे से मिचेल मार्श डिस्क संबंधी समस्या से परेशान रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे। उन्होंने फरवरी की शुरुआत में विशेषज्ञ की सलाह पर समस्या से उबरने के लिए आराम करने का फैसला किया। इसके बाद उन्होंने बल्लेबाजी अभ्यास शुरु किया था।

#### सीआईएसएफ की जीत, रॉयल ने यूनाइटेड भारत को धुना

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग में खिताब की दावेदार सी आई एस एफ ने गुरुवार को फ्रेंड्स यूनाइटेड को 2-0 से हराकर पूरे तीन अंकों के साथ अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया है। आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मैच में पुलिस खेलों की विजेता सी आई एस एफ ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को 2-0 गोलों से हराया। साहिल और शहजाद ने एक एक गोल किए। दिन के पहले मैच में रॉयल रेंजर्स ने लीग की फिसड्डी टीम यूनाइटेड भारत को 7- 0 से रौंद डाला। रॉयल रेंजर्स की जीत का आकर्षण प्लेयर ऑफ द मैच कुशाग्र की शानदार हैट्रिक रही आशू ने दो और शिखर और बिजॉय ने एक-एक गोल किए। इस जीत के साथ ही सी आई एस एफ ने 20 मैचों में 44 अंक जुटा लिए है। रॉयल रेंजर्स के 37 अंक है। यूनाइटेड भारत ने 22 मैचों में सात अंक बना कर अपना आखिरी स्थान बनाए रखा है।

#### महमुदउल्लाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**ढाका।** बंगलादेश के लिए एकदिवसीय मैचों में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज महमुदउल्लाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया हैं। महमुदउल्लाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। महमुदउल्लाह ने 2007 में बंगलादेश के लिए क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत एक गेंदबाज के तौर पर की थी। 39 वर्षीय महमुदउल्लाह ने 2021 में टेस्ट तथा 2024 में टी-20 से संन्यास ले चुके हैं। महमुदउल्लाह ने एकदिवसीय क्रिकेट में 36.46 की औसत के साथ 5689 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और 32 अर्द्धशतक शामिल हैं। महमुदउल्लाह ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला कर लिया है।

### 15 मार्च, 2025 को पूरे हो रहे हैं, भारत के हॉकी विश्व कप जीतने के 50 बरस

## आज हॉकी की जादूगरी खत्म हो गई है : अशोक कुमार सिंह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- हम गा रहे रंग दे मेरा बसंती चोला, सरफरोशी की तमन्ना आज हमारे दिल में है
- भारत का 1975 में विश्व कप जीतना आठ ओलंपिक स्वर्ण के साथ मील का पत्थर



**नई दिल्ली,** 13 मार्च (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर दद्दा मेजर ध्यानचंद की हॉकी विरासत के वाकई सही वारिस हैं मेरठ में जन्मे उनके 74 बरस के मंझले बेटे अशोक कुमाार सिंह। अपने पिता ध्यानचंद की तरह हॉकी की जादूगरी के चलते ही उनके साथी हॉकी खिलाड़ी उन्हें 'कारीगर कह कर पुकारते हैं। अशोक कुमार सिंह के विजयदाई गोल से भारत ने शनिवार को 15 मार्च, 1975 यानी 50 बरस पहले अब तक का अपना इकलौता एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप खिताब अजित पाल सिंह की कप्तानी में जीता था। भारत की 1975 में हॉकी विश्व कप जीतने वाली टीम के 16 सदस्यों में 11 अभी जीवित है और भगवान सभी को दीर्घायु करे जबकि इनमें से पांच -सुरजीत सिंह रंधावा, माइकल किंडो, सेंटर फारवर्ड शिवाजी पवार, राइट हाफ वरिंदर सिंह और मोहिंदर सिंह मुंशी- दिवंगत हो चुके हैं और अशोक कुमार ने इन सभी को अपने समय का विलक्षण हॉकी खिलाड़ी बताया।

भारत के हॉकी विश्व कप जीतने के 50 बरस पूरे होने पर प्रस्तुत है अशोक कुमार सिंह से देश की हॉकी यात्रा पर की गई खास बातचीत है। अशोक कुमार सिंह भारत के लिए 1971 से लेकर 1978 तक लगातार चार हॉकी विश्व कप में खेले और उन्होंने भारतीय हॉकी के शिखर तक पहुंचने की खुशी और फिर एस्ट्रो टर्फ के इससे नीचे फिसलने का दौर देख देखा। अशोक कुमार सिंह की तरह भारत के लिए लगातार चार हॉकी विश्व कप खेलने के गौरव उनके समकालीन अपने समय के बेहतरीन फुलबैक सुरजीत सिंह रंधावा और धनराज पिल्लै को हासिल है। अशोक कुमार कहते हैं, 'भारत के हॉकी के शिखर से फिसलने का कारण दुनिया में हॉकी के नियमों के बदलने के साथ इसकी शक्ल और सूरत का बदल जाना और इसे घास की बजाय सीधे एस्ट्रो टर्फ पर खेला जाना है। आप खुद ही देख ले कि 70, 80 व 90 के दशक में भारत के पास कितनी एस्ट्रो टर्फ थी।आज भी हॉकी में यूरोपीय देशों की तुलना में हमारे पास कितने कम एस्ट्रो टर्फ हैं । तब हम पूरे 70 मिनट सभी 11 खिलाड़ी खिलाड़ी खेलते थे। आज तो रोलिंग सब्सिटयूशन यानी आप किसी भी वक्त किसी भी खिलाड़ी को बाहर बुला कर उसकी जगह दूसरे खिलाड़ी को मैदान पर भेज सकते हैं। ऑफ साइड का नियम खत्म हो चुका है।

आज हॉकी टीम में सबसे बढ़िया खिलाड़ी वह है जो सबसे ज्यादा गोल करता है और सबसे ज्यादा गोल बचाता है। किसी खिलाड़ी के गोल करने में उसके पीछे बाकी खिलाड़ियों के योगदान की चर्चा कम ही होती है। 1976 के ओलंपिक में जाने वहां एस्ट्रो टर्फ पर खेलने से पहले अभ्यास में हमें घास के मैदान पर गोबर का लेप कर कहा कि यह एस्ट्रो टर्फ है। आज तो हॉकी में बस जीत और हार बची है। आज हॉकी की जादूगरी की खत्म हो गई है। हॉकी की वह जादूगरी जिसके लिए मेजर ध्यानचंद जाने जाते थे और इसी की चर्चा आज तक दुनिया करती है। भारत को मिली बराबर हार से हॉकी और इसके खिलाड़ियों का रुतबा कम हो गया। पहले दिल्ली सहित देश के अन्य शहरों में हॉकी के इतने क्लब थे कि बराबर बच्चे हॉकी में हॉकी स्टिक थामे और मैदान पर अभ्यास करते दिख जाते थे। हॉकी की चर्चा सिर्फ अखबारों के पन्नों तक सीमित होकर रह गई। पहले हॉकी कर बच्चा गली, मोहल्ले और सड़क पर खेलता और बराबर अपने कौशल को निखारता था।

हॉकी खिलाड़ियों ने भारत के लिए खेलने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा लिया लेकिन इसमें उनका अपना परिवार पीछे छूट गया। हमारे कोच ओलंपियन बलबीर सिंह दोसांज साहब कहते थे हॉकी मं मैदान पर जीत कर गले में माला पहनो और जब तक घर तक पहुंचों यह मुरझा जाएगी। साथ ही हमारे हॉकी में शिखर से फिसलने का कारण चयन में पक्षपात रहा और हमेशा चार पांच खिलाड़ी हर दौर में ऐसे रहे जो बराबर खेले जबकि बाकी काबिल खिलाड़ी भले ही मौके के लिए तरसते रह गए। वह बताते हैं, 'मुझे 15 मार्च, 1975 में क्वालालंपुर में पूरे टीम प्रयास से हमारी भारतीय हॉकी टीम का पहला और अब तक का इकलौता विश्व कप खिताब जीतना आज भी याद है। यह भी संयोग की बात है 15 मार्च, 1975 को जब हमने अब तक का इकलौता हॉकी विश्व कप जीता था उस दिन भी शनिवार था।

## सार समाचार

### सूखे व गुलाल से रंगों का महापर्व होली मनाएं : मेवाड़ा



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर में मनने वाली 5 दिवसीय होली के अवसर पर नगरपालिका द्वारा संपूर्ण व्यवस्थाएं की जा रही है। आज जहां नगर में मौजूद सैकड़ों होलिका दहन स्थलों पर मिट्टी डाली गई, वहीं प्रकाश व्यवस्था, पानी की व्यवस्था के समुचित इंतेजामात किए जा रहे है। इन सभी के चलते नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा नगर में भ्रमण कर होलिका दहन स्थलों पर नगरपालिका द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि परंपरानुसार हमारे नगर में पांच दिनों तक मौहल्लेवार होली का पर्व मनाया जाता रहा है। नगरपालिका द्वारा जहां पानी की छोटी टंकियों की व्यवस्था की है, वहीं क्षतिग्रस्त टेंकरों को दुरूस्त करने का कार्य भी जारी है जो होली पर्व के पूर्व तैयार हो जाएंगे। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि होली पर्व सर्वधर्म सम्भाव की भावनाओं के अनुरूप ही मनाएं, जिसे रंग से परहेज है वह घर में ही अपने परिवार के संघ होली का अवकाश मनाएं। श्री मेवाड़ा ने यह भी अपील की है कि पानी का अपव्यय न करें, कोशिश करें कि सूखे व गुलाल से रंगों का महापर्व होली मनाएं। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद रवि शर्मा, कुशलपाल लाला, मनोहर विश्वकर्मा, रमेश यादव, राकेश प्रजापति, विजय मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

### होली मिलन समारोह आयोजित करेगा विश्वकर्मा सुतार समाज

**सीहोर, देशबन्धु।** सर्व विश्वकर्मा सुतार समाज द्वारा सामाजिक गमी वाले परिवारों में पहुंचकर संवेदनाऐं प्रकट की जाएगी। जिस के बाद देव नगर कॉलोनी स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आगामी 23 मार्च रविवार शाम 5 बजे होली मिलन समारोह एवं सामाजिक उत्थान परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भारतीय पारंपरानुसार कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा समाजबंधुओं के द्वारा प्रभू विश्वकर्मा जी की विधिवत आरती कर फूलों से होली खेली जाएगी और प्रगतिशील मुख्यधारा से विमुख समाज के पिछड़े परिवारों के उत्थान के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी। होली मिलन समारोह एवं सामाजिक उत्थान परिचर्चा कार्यक्रम में समाजजनों से सम्मिलित होने की अपील नंदकिशोर विश्वकर्मा,इंजी जितेंद्र विश्वकर्मा राकेश विश्वकर्मा,डॉ अशोक विश्वकर्मा, मदनमोहन मालवीय, हेमंत विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, शेलेंद्र विश्वकर्मा,दिनेश विश्वकर्मा, जितेंद्र नरोलिया, संदीप विश्वकर्मा,राहुल विश्वकर्मा,राम विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा,गौरव विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा,रोहित विश्वकर्मा,सुरेश विश्वकर्मा,यशदीप विश्वकर्मा,प्रेमनारायण विश्वकर्मा,सुनील विश्वकर्मा आदि ने की है।

पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# शहर में 80 जगहों पर हुआ होलिका दहन, आज खेलेंगे रंग होली



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर सहित ग्रामीण अंचलों में होली का त्यौहार बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाने की धूम शुरू हो गई है। यह पर्व पांच दिन तक चलता है। शुभ मुहुर्त 10 बजकर 45 मिनिट पर शहर में 80 से अधिक जगहों पर होलिका दहन किया गया। होलिका दहन करने से पहले विधिवत् पूजन-अर्चन की जाती है और ज्यादातर जगहों पर होलिका दहन में कंडे और गौ काष्ठ की होलियां नागरिकों के द्वारा जलाई गई। इस दौरान शहर थाना निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। युवा और बच्चे पिछले 15 दिनों से होलिका दहन की तैयारियों में जुटे थे। शहर में लगभग 120 पुलिसकर्मियों की जगह-जगह ड्यूटी लगाई है। होलिका दहन के बाद शुक्रवार को रंगों का त्योहार मनाया जाएगा।

वहीं रंगपचमी पर्व पर करीला धाम में मेले का आयोजन किया जाता है। जहां पर दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते है। गुरूवार को अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एवं एएसपी प्रशांत चौबे ने करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद वापिस लौटते समय अंबानगर में पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। होली के आगामी त्यौहार को देखते हुए उन्होंने कानून और व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया और सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता की समीक्षा की। अधिकारियों ने अंबानगर क्षेत्र के लोगों से चर्चा की गई। एएसपी ने पुलिस चौकी में पहुंचकर पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अंबानगर पंचायत में जन सहयोग से गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए गौशाला बनाने वाली समिति एवं सरपंच के अलावा गौसेवकों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सराहना की। साथ ही अपर कलेक्टर एवं एएसपी ने होली के त्यौहार के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं और किसी भी तरह के झगड़े से बचें। इस मौके पर एसडीएम विजय राय, तहसीलदार संदीप जायसवाल, सरपंच सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## मुरवास पुलिस ने 24 घंटे में दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



**सिरोंज, देशबन्धु।** थानामुरवास पुलिस ने अपनी तेज़ तर्रार कार्रवाई से एक बार फिर साबित किया कि अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं। महज़ 24 घंटे के भीतर दुष्कर्म के आरोपी युसुफ खां को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

जानकारी के अनुसार 12.03.2025 को लियाकत खां निवासी मुरवास की पत्नी ने थाना मुरवास में आरोपी युसुफ खां के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना मुरवास में अपराध क्रमांक 35/2025, धारा 64, 64(2)एम बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लटेरी अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरवास राजेश मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की। मुरवास पुलिस की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को 24 घंटे के भीतर दबोच लिया और न्यायालय में पेश कर दिया। इस कार्रवाई में उनि राजेश मिश्रा, सउनि संतोष सिंह, प्रआर. संजेश दुबे, आर. गुलशन मेहर, आर. मर्दन भील, म.आर. विनिता कुशवाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## होली पर क्षेत्रवासियों को पानी की सप्लाई को लेकर परिषद की बैठक



**सीहोर, देशबन्धु।** होली पर शहर में पानी की पर्याप्त आपूर्ति के लिए नगर पालिका ने तैयारी कर ली है। नगर पालिका अमले के मुताबिक होली पर सभी क्षेत्रवासियों को एक घंटे पानी की सप्लाई की जाएगी। प्रेशर भी फुल रहेगा। वहीं शहर के सभी चौराहे-तिराहे पर रखे रंग के कडावों में पानी की व्यवस्था के लिए निरंतर टैंकर आदि उपलब्ध रहेंगे। इसको लेकर गुरुवार को नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में पानी की सप्लाई निरंतर बनी रहे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जल सभापति संतोष शाक्य, नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली सहित अधिकारी कर्मचारी से बैठक कर जानकारी प्राप्त की और अमले को आवश्यक के मुताबिक, अभी जल स्रोतों में आगामी दिनों के लिए पानी उपलब्ध है। होली के साथ ही रंगपंचमी के लिए भी पानी सप्लाई का प्लान तैयार है। शनिवार को महादेव की होली और उसके बाद रंगपंचमी के चल समारोह के लिए भी विशेष पानी टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी।

उत्साह के साथ मनाई जाएगी महादेव की होली

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु शनिवार को आ रहे है। इसको लेकर श्रद्धालुओं की व्यवस्था की जा रही है। शहर में गुरुदेव के कारण उत्साह की परम्परा है और मंदिरों और शहर में होली का उत्साह है। दिशा-निर्देश दिए। नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बताया कि हर वार्ड में टीमें तैनात की गई हैं, जो बिजली फॉल्ट और लीकेज पर नजर रखेंगी। अधिकारियों का कहना है कि आरक्षित डेमों से पानी की पर्याप्त सप्लाई जारी है, जिससे शहर में पानी की कोई कमी नहीं होगी। सीएमओ श्री दीक्षित

## धर्मांतरण मामला: लालच देकर ले जाया जा रहा था पंजाब के चर्च



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गत दिवस धर्मांतरण कराने के लिए छिंदवाड़ा से पंजाब ले जाते समय रेलवे पुलिस ने 11 लोगों को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उतारा था, जिनसे पूछताछ भी ही थी व उनकी सामग्री भी वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ चैक की गई थी। 11 लोगों में दो लोग बहला फुसला कर लालच देकर हिंदू धर्म से परिवर्तन होकर ईसाई धर्म की प्रार्थना करवाने पंजाब के चर्च ले जा रहे थे। यह बात स्वयं उतारे गए छिंदवाड़ा के यात्रियों ने रेल्वे पुलिस को बताई, जिसके आधार पर रेल्वे पुलिस ने गत दिवस की देर रात दो आरोपी सेजनाथ सूर्यवंशी व विजय तंगनाम पर प्रकरण भी दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों ने स्वयं मीडिया के सामने कबूल भी किया की हम इन लोगों को ईसाई धर्म की प्रार्थना के लिए ले जा रहे थे और यह कार्य हम कोरोना काल के समय से कर रहे हैं।

**धार्मिक स्वतंत्रता का हुआ मामला पंजीबद्ध:** प्राप्त जानकारी के अनुसार संदिग्ध आरोपी विजय तंगराम व सेजनाथ सूर्यवंशी पर मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 का मामला पंजीबद्ध किया गया है। यह मामला 11 यात्रियों में से एक अजय उइके निवासी गौरैया नाका छिंदवाड़ा ने रेल्वे पुलिस को बयान देकर करवाया है। अजय ने बयान दिए हैं कि यह दोनों हम लोगों को स्वयं के खर्चे पर धोखे से लेकर आए हैं और जब हम लोग ट्रेन में बैठकर छिंदवाड़ा से निकल आए, तब उन्होंने बताया कि हम तुम लोगों को पंजाब के जालंधर में खामरा चर्च ले जा रहे हैं। वहां तुम लोगों को ईसाई धर्म की प्रार्थना करवा कर तुम लोगों का धर्म परिवर्तन करवा देंगे। जब हमने मना किया तो हमें प्रलोभन दिया और हम पर दवाब बनाया। इन्होंने कहा कि तुम्हारे बच्चों को मिशनरी स्कूल में फ्री शिक्षा मिलेगी, तुम सब लोगों को एक-एक लाख रुपए मिलेंगे। फरियादी बोले कि साहब हम लोग मेहनत मजदूरी करने वाले लोग हैं। यह हम लोगों को बहला फुसला कर ले जा रहे थे। यहां नागरिकों व पुलिस ने उतारा है, हम इन दोनों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं।

## मार्टिनेट विद्यालय में विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**आष्टा, देशबन्धु।** अलीपुर स्थित मार्टिनेट कान्वेन्ट हा.से. स्कूल में प्री-प्राईमरी सेक्शन जिसमें कक्षा नर्सरी से पहली तक सम्मिलित है, इन कक्षाओ के विद्यार्थियो का सर्टिफिकेट और पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। इस आयोजन को मार्टिनेट वंडरफुल किड्स सर्टिफिकेशन सेरेमनी 2025 नाम दिया गया था। सर्वप्रथम विद्यालय के संचालक नौशे खान, प्रबंधक विनीत त्रिवेदी और एम. आई, किड्स इन्टरनेशनल, चेन्नई के नेशनल हेड अमर टिबरेवाल, स्टेट हेड दिनेश रघुवंशी द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ आयोजन को प्रारंभ किया गया। एम. आई. किड्स चेन्नई की एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था है जिसने आधुनिक तकनीक के माध्यम से छोटे बच्चो विभिन्न विषयों में स्पोकन इंग्लिश पर विशेष ध्यान देते हुये प्रशिक्षित किया जाता है। यह संस्था वर्तमान में मार्टिनेट स्कूल के साथ मिलकर कार्य कर रही है। प्रशिक्षण की नई तकनीको के माध्यम से बच्चो नें जो भी सीखा है मंच के माध्यम से बच्चो के अभिभावको की उपस्थिति में



बच्चो द्वारा ही उसका प्रस्तुतिकरण भी किया गया जो सराहनीय रहा तथा सभी नें इन नौनिहालो का उत्साह बढ़ाया।अपने उद्बोधन में संस्था के प्रबंधक विनीत त्रिवेदी नें कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान के अतिरिक्त मनुष्य की एक और मूलभूत आवश्यकता है जो मनुष्य को पशुता से मानवता की ओर तथा आदिम युग से आधुनिक सभ्य युग की ओर ले जाती है और वह है शिक्षा। आयोजन के दौरान नर्सरी, एल के जी, यू के जी तथा फर्स्ट क्लास के छोटे-छोटे बच्चो नें अपने शिक्षको के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुये एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जिसनें सभी को आश्चर्य में डाल दिया। विद्यालय की संगीत शिक्षिका प्रांजल गुठानिया के साथ बच्चो नें सस्वर सरस्वती वंदना और गीत प्रस्तुत किया। वही सामूहिक नृत्य पर थिरकते बच्चो नें सबका मन मोह लिया। माता-पिता और गुरू के थीम की प्रस्तुति शानदार रही जिसनें सभी को भावुक कर दिया और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावो से सचेत करती हुई पहली क्लास के बच्चो की स्किट संदेशपरक और प्रेरणादायी रही। जिसनें सबका ध्यान आकर्षित किया। एम. आई. किड्स के हेड अमर टिबरेवाल नें अपने उद्बोधन में विद्यालय की प्रशंसा करते हुये कहा कि छोटे से कस्बे में इतनी गुणवत्ता और नई तकनीक को अपनाते हुये छोटे बच्चो को प्रशिक्षण देना वास्तव में काबिले तारीफ है।

## ग्राम बहारपुरा में खेत से 40 लाख के अफीम डोडे पकड़े, आरोपी गिरफ्तार



**बमीठा, देशबन्धु।** ग्राम बहारपुरा में एक खेत में अवैध रुप से अफीम की खेती पर छापा मारकर पुलिस ने 40 लाख रुपए कीमत के अफीम के 3000 पौधे जब्त किए हैं। आरोपी फूलचंद कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर खेत पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति खेत की रखवाली करता मिला। इस खेत में 2000 स्क्वायर फीट में क्यारियां बनाकर उनमें अवैध तरीके से अफीम के पौधे डोडे सहित लगे हुए थे। खेत में लगे 3000 अफीम के पौधों को जब्त किया गया है। इनका वजन करीब 68 किलो है, जिनकी कीमत करीब 40 लाख रुपए आंकी गई है। अफीम की खेती करने वाले आरोपी फूलचंद्र कुशवाहा पुत्र किशोरी लाल निवासी ग्राम बहारपुरा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया है। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया आरोपी फूलचंद्र कुशवाहा पर पूर्व से हत्या का एक मामला दर्ज है।

## छात्रावासों में लापरवाही : एक अधीक्षक निलंबित, दो की वेतनवृद्धि रोकी

**छतरपुर, देशबन्धु।** शासकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने सख्ती दिखाते हुए जिले के चार छात्रावास अधीक्षकों के खिलाफ कडी कार्यवाही की है।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने गौरिहार के शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक प्रमेश प्रजापति को निलंबित कर दिया है। वे निरीक्षण के दौरान छात्रावास में उपस्थित नहीं मिले थे। निलंबन अवधि में उन्हें शासकीय आदिवासी बालक आश्रम टिपारी में अटैच किया गया है। बारीगढ़ के शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक दीपक त्रिपाठी भी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले थे, छात्रावास के दरवाजों और खिडकियों में मच्छरजाली लगी नहीं पाई गई थी।

इसे गंभीर लापरवाही मानकर उनकी वेतनवृद्धि रोक दी गई है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह ग्राम नयागांव के अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास की अधीक्षिका सविता शर्मा के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने एक असंचयी वेतनवृद्धि रोक दी है।

निरीक्षण के दौरान छात्रावास के रिकॉर्ड अपडेट नहीं मिले और पता चला कि वे रात में छात्रावास में नहीं रुकती थीं। इसी तरह गौरिहार के अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में निरीक्षण के दौरान बिस्तर कम पाए जाने पर अधीक्षिका उर्मिला अहिरवार को 15 अप्रैल 2025 तक स्थिति में सुधार करने की चेतावनी दी गई है।

### होलिका दहन के बाद आज बिखरेगी रंग गुलाल की उमंग

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार की देर रात होलिका दहन के बाद शुक्रववार को रंगों का पर्व होली उत्साह से मनाया जाएगा। पूर्णिमा से रंगपंचमी तक पांच दिवसीय इस पर्व में खासतौर से बुन्देलखण्ड में दो दिनों तक रंग महोत्सव मनाया जाएगा। इस बार रमजान का जुमा और होली एक ही दिन होने से पुलिस चौकन्ना रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। गुरुवार की सुबह से ही लोग रंग-गुलाल लगाने का सिलसिला शुरू कर देंगे। छोटे बच्चों में पर्व का खासा उत्साह है। होली में उपयोग होने वाली सामग्री बाजार में पटी है। दुकानें त्यौहार के लिए सजकर हैं।

## टीआई आत्महत्या काण्ड : सलाखों के पीछे पहुंची आशीराजा और उसका प्रेमी सोनू ठाकुर

**छतरपुर, देशबन्धु।** टीआई अरविंद कुजूर की आत्महत्या कांड के मुख्य आरोपियों में आशी राजा और उसके प्रेमी सोनू ठाकुर को पुलिस ने एक दिन की रिमांड अवधि खत्म होने पर गुरुवार को दोपहर 2 बजे विशेष न्यायालय में पेश किया। वहां से दौनों को जिला जेल में सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 27 मार्च को होगी।

बुधवार को शहर के ओरछा रोड थाना में आत्महत्या कांड की प्रमुख आरोपी आशी राजा और उसके प्रेमी सोनू ठाकुर पर टीआई अरविंद कुजूर को आत्महत्या के लिए उकसाने, जबरन वसूली करने और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज करके पुलिस ने दौनों को बुधवार को विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह के न्यायालय में पेश किया था। तब दौनों को गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक रिमाण्ड पर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था। पुलिस





ने आरोपी आशीराजा के पास से टीआई अरविंद कुजूर द्वारा गिफ्ट की गई सामग्री सोने का नेकलेस, इयररिंग्स, अंगूठी, डेढ़ लाख रुपए कीमती गूची कंपनी का बैग, मंहगा आईफोन, सफारी व स्विफ्ट कार सहित नगदी जब्त की है। वहीं आरोपी सोनू ठाकुर के पास से सोने की चैन, मंहगा आईफोन और नगद राशि जब्त की है। रिमांड की अवधि खत्म होने पर पुलिस ने आशी राजा और सोनू ठाकुर को विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि आशी राजा और सोनू ठाकुर पर दर्ज एफआईआर के मुताबिक इन्होंने टीआई के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने और बलात्कार का मामला दर्ज कराने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया था। इनसे तंग आकर टीआई अरविंद कुजूर ने 6 मार्च को अपनी सर्विस रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## कर्मा जयंती पर होंगे सेवा गतिविधियों के आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती 25 मार्च दिन मंगलवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह कृष्ण मंदिर बैतूल गंज में सुबह 8 बजे भगवान श्री कृष्ण को भोग अर्पित किया जाएगा। सुबह 8:30 जिला चिकित्सालय बैतूल में मरीजों के परिजनों को अंकुरित आहार का वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे मातोश्री वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाएगा। 11.50 पर जिला चिकित्सालय स्थित भोजन शाला में मरीजो के परिजनों को भोजन खिलाया जाएगा। दोपहर 1 बजे जिला चिकित्सालय बैतूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा शिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं को 18 मई को समाज के रजत जयंती समारोह में भक्त शिरोमणि मां कर्मा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। दोपहर 3 बजे पापमोचनी एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन किया जाएगा। 4 बजे साहू समाज की पत्रिका शहनाई का विमोचन किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियो ने सभी से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## भारत भारती में प्राकृतिक रंगों से मनेगा होली का उत्सव

### विद्यार्थियों ने पलाश, चुकंदर और गेंदे से बनाए रंग



**बैतूल, देशबन्धु।** भारत भारती आवासीय सीबीएसई विद्यालय बैतूल में इस बार भी होली का पर्व खास अंदाज में मनाया जा रहा है। हर साल की तरह इस साल भी छात्रावास के विद्यार्थी प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। विद्यालय में ही पलाश के फूलों से हर्बल रंग और पालक, चुकंदर व गेंदे के फूलों से गुलाल तैयार किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र परसाई ने बताया कि बाजार में बिकने वाले रासायनिक रंगों से त्वचा, आंखों और स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। इसी वजह से भारत भारती में हर साल प्राकृतिक रंगों से होली खेली जाती है, जिससे विद्यार्थी नया कौशल सीखते हैं, उनके मन में प्रकृति संरक्षण का भाव भी जागृत होता है। इस पहल के पीछे भारत भारती के सचिव और पर्यावरणविद मोहन नागर (राज्य मंत्री) का मार्गदर्शन रहता है। उनके निर्देशन में कई वर्षों से विद्यालय में प्राकृतिक होली का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष भी छात्रावास अधीक्षक मुकेश दवंडे, लोकेश धुर्वे, लोकेश अडलक, अजय ढीकारे, भूपेंद्र गढ़ेवाल, नर्मदाप्रसाद भोपते और सभी शिक्षकों के सहयोग से रंग और गुलाल तैयार किया गया। विद्यालय परिसर में लगे पलाश के फूलों को चुनकर गर्म पानी में उबाला गया, जिससे सुंदर नारंगी रंग तैयार हुआ। वहीं, पालक और चुकंदर को सुखाकर गुलाल बनाया गया। विद्यार्थियों ने खुद इन रंगों को तैयार करने में योगदान दिया, जिससे वे प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझ सकें। भारत भारती में मनाई जा रही यह होली पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दे रही है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर साईंखेड़ा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**बैतूल, देशबन्धु।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर साईंखेड़ा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 70 से अधिक ग्रामीणों का बीपी, शुगर की जांच, स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नियमित योग किए जाने की भी सलाह दी गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ.योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर के दौरान डॉ.वंदना सिंह शक्या ने बताया कि आयुष विभाग निरंतर योग क्लासेज एवं ओपीडी के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए प्रयासरत है। मनोदैहिक रोग जैसे उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह जैसे रोगों में नियमित दिनचर्या एवं योग का विशेष महत्व है। इसके लिए प्रतिदिन प्रातः योग क्लासेस आयुष्मान आरोग्य मंदिर साईंखेड़ा में संचालित हो रहीं है, जिसका लाभ सभी ग्रामीणजनों को लेना चाहिए बसंत ऋतु में हमारे आहार विहार कैसा होना चाहिए के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर के दौरान स्वास्थ्य ज्ञान के लिए बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता 18 को

**बैतूल, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उइके ने बताया कि 17 से 22 मार्च 2025 तक संचालित विशेष टीकाकरण केचअप अभियान की जन जागृति के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय ''टीकाकरण की आवश्यकता एवं महत्व'' है। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्रा भाग ले सकते हैं। निबंध लेखन के लिए 18 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आईपीपी-6 कारगिल चौक बैतूल के सभाकक्ष में उपस्थित होना होगा।

# छिंगा पालन से आत्मनिर्भर बनेंगे बैतूल के किसान

## 50 किसानों को दिया आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण



**बैतूल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के मत्स्य विभाग भोपाल के आदेशानुसार बैतूल जिले के सापना में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के तहत 50 मत्स्य किसानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 11 से 13 मार्च तक सहायक संचालक मत्स्य उद्योग कमलेश खेर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को छिंगा पालन की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। इस दौरान मत्स्य किसानों को जल प्रबंधन, आहार प्रबंधन, रोग नियंत्रण और विपणन संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राणीशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने छिंगा पालन की आधुनिक तकनीकों पर जानकारी दी और किसानों को पारंपरिक पद्धतियों के साथ आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. डोंगरे ने बताया कि यदि बैतूल के किसान छिंगा पालन में नवाचार और आधुनिक तकनीकों का समावेश करेंगे तो उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। उन्होंने किसानों को तालाब की तैयारी, पानी की गुणवत्ता का प्रबंधन, छिंगा बीज चयन, पोषण प्रबंधन और बीमारियों से बचाव की तकनीकों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया।

प्रशिक्षण में बायोफ्लाक तकनीक को भी समझाया गया, जिससे जल में पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है और छिंगा का बेहतर विकास होता है। इस तकनीक से किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले मत्स्य किसानों में माधुराव नानकर, हिंगलाल नानकर, धुनीलाल, मोहन नानकर, पिंटू डोमने सहित अन्य किसानों ने छिंगा पालन को अत्यंत लाभकारी बताते हुए इसे व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना। सहायक संचालक कमलेश खेर ने बताया कि सरकार का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और छिंगा पालन के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें और प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा मिले।

प्रशिक्षण में मत्स्य विभाग के अधिकारी चेतन भावसार, रितेश चौधरी और कुंवर पाल ने छिंगा पालन के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी और तकनीकी सहायता की जानकारी दी, जिससे किसानों को विशेष लाभ मिलेगा।

इस शिविर में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों अक्षय मालवी, अंजलि नागोरे, आयुष नागोरे, इस्तियाक अली, माधुरी गोहे आदि ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस पहल से किसानों की आय में वृद्धि होगी, प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय बाजारों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाते हैं तो उन्हें छिंगा पालन में अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अवसर मिल सकते हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

## भाजपा सरकार ने एक बार फिर से जनता को दिया छलावा भरा बजट-जैद

### आरोप- आम जनता, किसान, युवा और महिलाएं पूरी तरह से ठगे गए

**बैतूल, देशबन्धु।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जैद खान ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने एक बार फिर से जनता को छलावा भरा बजट दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट नहीं, मध्यप्रदेश को कर्ज और भ्रष्टाचार में डुबोने का दस्तावेज है। इसमें विकास की कोई ठोस योजना नहीं है, इसे कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार को संस्थागत करने के लिए तैयार किया गया है।

खान ने कहा कि सरकार ने इस बजट में प्रदेश पर कर्ज का बोझ और बढ़ा दिया है। पहले से ही मध्यप्रदेश भारी कर्ज में डूबा हुआ है, लेकिन सरकार को सिर्फ भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की चिंता है। यह पैसा जनता की भलाई में लगने के बजाय भाजपा नेताओं और ठेकेदारों की जेब में जा रहा है। सरकार ने बजट में 3 लाख नौकरियों का वादा किया है, लेकिन सच्चाई यह है कि सरकारी विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं। हर साल लाखों युवा सरकारी नौकरियों की उम्मीद लगाए बैठते हैं, लेकिन सरकार की नीयत ही नहीं है कि वे भर्ती करें। यह वही झूठा वादा है, जो हर बजट में किया जाता है, लेकिन कभी पूरा नहीं होता।

सरकार ने दावा किया कि एमबीबीएस की 400 सीटें बढ़ाई जाएंगी और 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज खोले जाएंगे। लेकिन सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पहले से ही संसाधनों की भारी कमी है। व्यापमं घोटाले के बाद प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हुई है। सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए मरीजों को दर-दर भटकना पड़ता है, लेकिन सरकार सिर्फ खोखली घोषणाएं कर रही है। चुनाव से पहले भाजपा सरकार ने प्रदेश की लाड़ली बहनों से 3000 प्रतिमाह देने का वादा किया था। लेकिन सत्ता में आते ही सरकार अपने वादे से मुकर गई और 1250 रु देकर ही बहनों को संतुष्ट करने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, इस योजना में शामिल 4 लाख से अधिक महिलाओं के नाम भी काट दिए गए हैं।

सरकार ने बजट में अगले 5 वर्षों में 1 लाख किलोमीटर सड़कें बनाने और 500 रेलवे ओवर ब्रिज तथा फ्लाईओवर बनाने की बात कही है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है। कागजों में सड़कें बन रही हैं और कमीशनखोरी के चलते बनी हुई सड़कों को भी कागजों में ही मरम्मत कर दी जा रही है। किसानों को भी इस बजट में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। प्रदेश में 3000 प्रति क्विंटल गेहूं, 3100 प्रति क्विंटल धान और 6000 प्रति क्विंटल सोयाबीन के दाम की जरूरत है, लेकिन सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

फसल बीमा योजना और सीएम किसान कल्याण योजना सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं। किसान लगातार कर्ज में डूब रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार को उनकी कोई चिंता नहीं है। जैद खान ने कहा कि यह बजट भ्रष्टाचार को बढ़ाने के लिए लाया गया है। इसमें आम जनता, किसान, युवा और महिलाएं पूरी तरह से ठगे गए हैं। कांग्रेस इस जनविरोधी सरकार के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगी और जनता की आवाज बुलंद करेगी।

## वार्षिक महोत्सव में मिस्टर-मिस एसबीआईटीएम बने ओजस और साक्षी

### मिस्टर एंड मिस चार्मिंग बने अनीश और निधी

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा



**बैतूल, देशबन्धु।** श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आयोजित वार्षिक महोत्सव बालाजी का महाकुंभ का शानदार समापन हुआ। सप्ताहभर चले इस महोत्सव के अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आगाज 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के स्वरूचि भोज से हुई। इसके बाद विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति के प्रतिभागी बंटी वाडिवा, संस्था की चेयरमेन विमला परिहार और अमृता परिहार ने समारोह की शोभा बढ़ाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.जे. शाह ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके बाद बंटी वाडिवा ने अपनी केबीसी यात्रा साझा की और विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल प्रो. शशांक माने, अकादमिक डीन प्रो. भावेश खासदेव, विभागाध्यक्ष प्रो. कपिल पडलक, प्रो. नितेश बर्डे और प्रो. हेमंत बड़ोदे मौजूद रहे। एसबीआईटीएम वार्षिक रोलिंग ट्रॉफी ग्रुप एपीजे अब्दुल कलाम को प्रदान की गई, जिसके प्रभारी प्रो. बृजेश पांडे और उनकी टीम को यह सम्मान सौंपा गया। दूसरे चरण में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर ओजस सूर्यवंशी और साक्षी धोटे को मिस्टर और मिस एसबीआईटीएम के खिताब से नवाजा गया, जबकि अनीश खान और निधी गायकवाड़ को मिस्टर और मिस चार्मिंग का खिताब मिला।

कार्यक्रम के समापन पर कल्चरल प्रभारी प्रो. ललित आर्य, खेल प्रभारी प्रो. संदीप करौले और प्रो. निलेश मिश्रा ने समस्त टीम लीडर्स, टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सोनाली राठौर, प्रो. रिशु डांगी और प्रो. अनिरुद्ध दारुड़कर ने किया। छात्र-छात्राओं की जबरदस्त भागीदारी और उत्साह से यह महोत्सव बेहद खास बन गया, जिसमें सभी ने खुलकर आनंद लिया।

## स्वस्थ जीवन के लिए किडनी के महत्व पर दी जानकारी



**बैतूल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को जिला चिकित्सालय में विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ.जगदीश घोरे ने बताया कि विश्व किडनी दिवस 2025 की थीम है ''क्या आपकी किडनी ठीक है? समय रहते पता लगायें, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें''। उन्होंने कहा कि यह दिवस मनाने का उद्देश्य समग्र स्वास्थ्य के लिये किडनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिले में छः डायलिसिस मशीन हैं, जिससे हम दो शिफ्ट में डायलिसिस कर रहे हैं। सीमित मानव संसाधनों में हमारा प्रयास है कि हम सभी का डायलिसिस समय पर करें। आने वाले समय में हमारी कोशिश रहेगी कि हम चार शिफ्ट में डायलिसिस करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य का निरंतर ख्याल रखना है, ताकि हम किडनी रोग से पीड़ित न हों।

आरएमओ डॉ रानू वर्मा ने बताया कि किडनी रोग के प्रमुख जोखिम कारक मधुमेह, उक्त रक्तचाप, मोटापा, गुर्दे की बीमारी का पारिवारिक इतिहास तथा अन्य जोखिम कारकों में मूत्रपथ में रूकावट, बार-बार गुर्दे की पथरी होना, तीव्र गुर्दे की चोट, गर्भावस्था से संबंधित गुर्दे की बीमारी होना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारे जिला चिकित्सालय में डायलिसिस की और सुविधाऐं बढ़ जायेंगी, जिससे सभी का डायलिसिस समय पर कर सकेगें। शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ प्रदीप कुमार धाकड़ ने बताया कि किडनी मरीजों को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिये एवं समय-समय पर बीपी, शुगर एवं अन्य आवश्यक जांचें करवाते रहना चाहिये।

जिला डायलिसिस नोडल अधिकारी डॉ.रोहित पराते ने बताया कि भारत में ज्यादातर किडनी रोग होने का मुख्य कारण शुगर एवं बीपी कंट्रोल नहीं होना है। शुगर बढ़ने पर यह धीरे-धीरे किड़नी को खराब करती है। जब तक किड़नी 70 से 80 प्रतिशत खराब नहीं हो जाती है तब तक लक्षण समझ नहीं आते हैं। किडनी फेल होने पर डायलिसिस समय पर करवाना चाहिये। कम से कम सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस करवायें। कम डायलिसिस करवाने पर उल्टी, बदन दर्द, खुजली, भूख न लगना आदि छोटी-छोटी परेशानियां हो सकती हैं। यह परेशानियां दवाइयों से ठीक नहीं की जा सकती है। हम खान-पान में छोटी-छोटी गलतियां करते हैं। किडनी का कार्य पानी को रेग्यूलेट करना है, किड़नी खराब होने पर रेग्यूलेशन चला जाता है। गलती से मरीज ज्यादा पानी पी लेता है, उससे उसके दूसरे अंगों हार्ट, लीवर आदि पर प्रभाव हो सकता है।

किडनी रोगी को बीपी की लगातार मॉनिटरिंग करते रहना चाहिये। किडनी रोगी का बीपी कंट्रोल रहना जरूरी है। इस अवसर पर पीजीएमओ डॉ. तरूण साहू, उप जिला मीडिया अधिकारी श्री महेशराम गुबरेले, सीनियर टेक्नीशियन श्रीमती लता झरबड़े, सीनियर स्टाफ नर्स श्री साजिद शाह, जूनियर टेक्नीशियन सुश्री दीपिका बरवे एवं बीएमई श्री राहुल नागले, डायलिसिस मरीजों के परिजनों सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## धायवानी स्कूल में परीक्षा के बीच लगा ताला, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़, ग्रामीणों में आक्रोश



**भैसदेही, देशबन्धु।** आठनेर ब्लॉक अंतर्गत माध्यमिक शाला धायवानी में सरकारी शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। जहां बुधवार को कक्षा 6 वी एवं 7वी सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक निर्धारित थी, लेकिन परीक्षा के बीच में ही 3 बजे स्कूल बंद कर दिया गया। इस घटना से छात्रों और अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। विद्यालय का निर्धारित समय सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक का है, लेकिन परीक्षा खत्म होने से पहले ही स्कूल बंद कर देना छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है। परीक्षा का समय ढाई घंटे का था, लेकिन इसे एक घंटे पहले ही समाप्त कर दिया गया और स्कूल में ताला जड़ दिया गया। मामले के बाद गांव में प्रधानपाठिका को लेकर नाराजगी का माहौल है। मौके पर उपस्थित दिलीप बेले, नामदेव नवड़े, संदीप नवड़े, सुखदेव नवड़े, कृष्णा उइके, दिनेश अहके और राजेश नवड़े ने इस लापरवाही पर सवाल उठाए। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में पदस्थ प्रधानपाठिका पूरे सत्र में कभी भी स्कूल समय से नही पहुची और समय से पहले ही चले जाना इनकी आदत है यही लापरवाही उनकी परीक्षा में भी जारी है माध्यमिक और प्राथमिक दोनों स्कूलों का प्रभार इनके पास है जो कि कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं। ग्रामीण अब इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से करने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस विषय को उच्च स्तर तक उठाएंगे। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन को लेकर सवाल पहले भी उठते रहे हैं। लेकिन परीक्षा के बीच में स्कूल बंद करना गंभीर मुद्दा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि शिक्षा विभाग इस मामले पर क्या कार्रवाई करता है।



## महिला दिवस के अंतर्गत आमला रेलवे द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**आमला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्य रेल नागपुर मंडल के रेल प्रबंधक विनायक गर्ग के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती सांझी जैन के कुशल नेतृत्व में मध्य रेल आमला द्वारा रेलवे इंस्टीट्यूट प्रांगण रेलवे कालोनी आमला में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

स्टाफ बेनिफिट फंड मध्य रेल के संयोजन में महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे महिलाओ की रेलवे मे भूमिका पर प्रकाश डाला गया, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती मेघना अनिल कुमार पाटिल आमला उपस्थित थी।विशेष अतिथि के तौर पर डॉ लवी आर्य रेलवे चिकित्सक आमला एवं अनिशा शर्मा नर्सिंग अधीक्षक, श्रीमती ओमवती विश्वकर्मा पार्षद रेलवे कालोनी आमला, श्रीमती गीता निरंजन एवं श्रीमती भावना पंत उपस्थित थी। कार्यक्रम विशेष रूप से एआर धोटे कल्याण निरीक्षक, हरिमोहन निरंजन टीआई आरपीएफ आमला, बी के सूर्यवंशी एसएसईसी एंड डब्ल्यू, सतीश मीणा सचिव रेलवे इंस्टीट्यूट आमला, एसडी पंत कमर्शियल सुप्रिटेंडेंट, एके जैन सीसीओआर, पवन मिश्रा सीटीआई उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाजसेवी मनोज विश्वकर्मा सहित स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के संयोजक एआर धोटे ने बताया की मध्य रेल द्वारा आज महिला दिवस पर महिला रेल कर्मचारियों के हितार्थ इस कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम में महिला रेल कर्मचारियों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न प्रकार के मनोरंजक ओर ज्ञानवर्धक कार्यक्रम सम्पन्न हुए, जिसमें सभी महिला रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को पुरस्कृत भी किया गया। महिला दिवस पर महिला रेल कर्मचारियों के इस आयोजन की सभी ने सराहना की।

## देसी नस्ल की गाय को पशु सूची से हटाकर माता की सूची में शामिल करने की मांग

### डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बैतूल, देशबन्धु।** देश में गौ माता को संवैधानिक राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में गौ सांसद युवराज मालवीय श्री गौड़ और उनके साथियों ने बैतूल में डिप्टी कलेक्टर तृप्ति पटेरिया को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने देसी नस्ल की गाय को पशु सूची से हटाकर माता की सूची में शामिल करने और गौ माता को संवैधानिक रूप से राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की।

इस ज्ञापन सौंपने के दौरान गौ सांसद युवराज मालवीय श्री गौड़ के साथ गौ सांसद प्रतिनिधि डॉ. राकेश मालवीय, दीपक वर्मा टिकारी, महेश यादव सदर, शिव टिकारी, शिवधामो टिकारी, शिव नामदेव, संतोष, मनीष वर्मा, दीपक पवार, रामेश्वर, गणेश दरवाई, रामू, किरण बचले सहित दो दर्जन से अधिक गौ भक्त मौजूद रहे। गौ सांसद युवराज मालवीय ने बताया कि भारत सनातन हिंदू धर्मावलंबियों का देश है और हमारे धर्म ग्रंथों में गौ माता को पूजनीय बताया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश के चारों पीठों के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के नेतृत्व में गौ हत्या के कलंक को मिटाने और गौ माता को संवैधानिक राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए आंदोलन चलाया जा रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मार्च माह के पहले गौ माता को संवैधानिक राष्ट्र माता का सम्मान प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि देशभर से लाखों सनातन हिंदू धर्मावलंबी इस मांग को लेकर सरकार को पत्राचार के माध्यम से निवेदन कर रहे हैं और जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। ज्ञापन सौंपने के दौरान गौ भक्तों ने जय गौ माता, राष्ट्र माता के नारे भी लगाए और इस मांग को लेकर सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 0.67 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.62 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.48 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.37 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| जोमैटो | 1.97 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.95 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.84 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.98 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.94 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 88,003 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 33 | 87.40 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9250-9350 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## स्टील सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट को मिलेगा बढ़ावा

■ केंद्र ने रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजनाओं व एसआरटीएमआई वेब पोर्टल किया लांच

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। स्टील रिसर्च टेक्नोलॉजी मिशन ऑफ इंडिया (एसआरटीएमआई) ने विज्ञान भवन में आयोजित भारतीय इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास का उत्प्रेरण कार्यक्रम में तीन नई रिसर्च और डेवलपमेंट स्कीम और एक वेब पोर्टल लांच किया। इस कार्यक्रम में सेल सहित प्रमुख स्टील कंपनियां, देश के टॉप शैक्षणिक संस्थान जैसे आईआईटी कानपुर, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मद्रास और आईएसएम धनबाद तथा रिसर्च स्टार्टअप शामिल हुए।

कार्यक्रम में स्वीडिश एनर्जी एजेंसी और एशियन डेवलपमेंट बैंक जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने भी हिस्सा लिया। इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजनाओं और एसआरटीएमआई वेब पोर्टल को लांच किया और इस्पात क्षेत्र में इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई आरएंडडी पहल और स्टीलकोलैब भारत के 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील



कैपेसिटी की ओर बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

एसआरटीएमआई द्वारा शुरू की गई तीन योजनाओं में चैलेंज मेथड – राष्ट्रीय हित की महत्वपूर्ण उद्योग-व्यापी चुनौतियों की पहचान करना और उनका समाधान करना, ओपन इनोवेशन मेथड – उद्योग के सहयोग से शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं से ओपन रिसर्च प्रस्तावों का समर्थन करना और स्टार्ट-अप एक्सेलेरेटर-कटिंग एज स्टील टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए शुरुआती चरण के स्टार्टअप का समर्थन करना शामिल है।

स्टीलकोलैब प्लेटफॉर्म एक मैचमेकिंग हब के रूप में काम करेगा, जो उद्योग जगत के नेताओं, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप और शिक्षाविदों को डीकार्बोनाइजेशन, डिजिटलीकरण और एडवांस्ड स्टील डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने के लिए जोड़ेगा। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक ने ग्लोबल स्टील डिमांड हब के रूप में भारत के उभरने पर प्रकाश डाला।

### भारतीयों को एआई-ड्रिवन डिजिटल इकोनॉमी में लाने का यही सही समय : नीलेकणि

**नई दिल्ली।** इंफोसिस के सह-संस्थापक और आधार आर्किटेक्ट नंदन नीलेकणि के मुताबिक भारत की लैंग्वेज डायवर्सिटी के अनुकूल एआई सॉल्यूशन लाए जाने की तत्काल जरूरत है, ताकि एक अरब भारतीयों को एआई-इनेबल्ड डिजिटल इकोनॉमी में लाया जा सके। उन्होंने आर्कम वेंचर्स के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि एआई4भारत जैसे ओपन-सोर्स एआई मॉडल भारतीय भाषा डेटासेट बनाने के लिए काम कर रहे हैं, जो कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में एआई-ड्रिवन सेवाओं को सशक्त बना सकते हैं। सरकार 'ओपन एग्री नेटवर्क' नाम की एक पहल पर काम कर रही है, जो किसानों को रियल टाइम कृषि से जुड़ी जानकारी देने के लिए एआई का इस्तेमाल करेगी। उनके अनुसार, एक और बड़ा बदलाव किफायती स्मार्टफोन की पहुंच से आएगा। नीलेकणि ने सभा को बताया कि यह एक बड़ा अनलॉक है, जहां हम एक अरब भारतीयों तक पहुंचने के लिए टेक्नोलॉजी, डीपीआई और एआई का इस्तेमाल करते हैं।

## भारत का चाय निर्यात 10 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा



**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय चाय बोर्ड द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों से पता चलता है कि भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक बाजार में अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का चाय निर्यात 2024 में 10 साल के उच्चतम स्तर 255 मिलियन किलोग्राम पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार, देश के निर्यात में वर्ष 2023 के दौरान रिकॉर्ड 231.69 मिलियन किलोग्राम से 10 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई।

भारतीय चाय की औसत कीमत में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि

निर्यात बाजार में भारतीय चाय की औसत कीमत में भी 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे चाय उद्योग को राहत मिली, जो 2023 में खराब मौसम से प्रभावित हुआ था। उन्होंने कहा कि इराक को किए जाने वाले निर्यात में शानदार वृद्धि हुई है, जो चाय निर्यात का 20 प्रतिशत है और व्यापारियों को इस वित्त वर्ष में पश्चिम एशियाई देश को 40-50 मिलियन किलोग्राम चाय भेजने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में फसल कम होने पर पश्चिम एशिया के कई बाजारों में प्रवेश करने वाले भारतीय निर्यातक वहां शिपमेंट की मात्रा को बनाए रखने में कामयाब रहे।

भारत 25 से अधिक देशों को चाय निर्यात करता है, जिसमें यूएई, इराक, ईरान, रूस, अमेरिका और यूके प्रमुख बाजार हैं। भारत दुनिया के टॉप पांच चाय निर्यातकों में से एक है, जो कुल विश्व निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की असम, दार्जिलिंग और नीलगिरि चाय दुनिया की सबसे बेहतरीन चाय मानी जाती है। भारत से निर्यात की जाने वाली अधिकांश चाय ब्लैक टी है, जो कुल निर्यात का लगभग 96 प्रतिशत है।

## पीएमएसजीएमबीवाई ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। चंडीगढ़, दमन और दीव ने अपने सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर के 100 फीसदी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है, जिससे वे स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में देश का नेतृत्व कर रहे हैं।

राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु जैसे राज्य भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि सरकार 2026-27 तक 1 करोड़ घरों तक पहुंचने के लक्ष्य के साथ योजना के सुचारू और समय पर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों में प्रगति की निगरानी कर रही है। दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सोलर पहल, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली



■ चंडीगढ़, दमन व दीव ने सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर के 100 फीसदी लक्ष्यों को प्राप्त किया

योजना (पीएमएसजीएमबीवाई) ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसमें अब 10 लाख घर सौर ऊर्जा से संचालित हो चुके हैं। 13 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई यह योजना भारत के ऊर्जा परिदृश्य को तेजी से नया आकार दे रही है।

## अरहर की सरकारी खरीद में तेजी

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि देश में दलहन उत्पादक कई राज्यों में तुअर (अरहर) सहित विभिन्न दलहनों की खरीद का काम लक्ष्य की दिशा में तेजी से चल रहा है। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में खरीद शुरू हो चुकी है और अब तक (11 मार्च तक) इन राज्यों में कुल 1.31 लाख टन तुअर की खरीद की गई है जिससे इन राज्यों के 89,219 किसान लाभान्वित हुए हैं।

मंत्रालय ने कहा है कि अन्य राज्यों में भी तुअर की खरीद जल्द ही शुरू होगी। तुअर की खरीद नैफेड के ई-समृद्धि पोर्टल और एनसीसीएफ के संयुक्ति पोर्टल पर पूर्व-पंजीकृत किसानों से भी की जाती है। सरकार ने कहा है कि वह केंद्रीय नोडल एजेंसियों अर्थात् नेफेड और राष्ट्रीय उपभोक्ता



■ किसानों से 13.22 लाख टन तुअर खरीद का लक्ष्य

सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के माध्यम से तूअर किसानों से उनकी पूरी उपज की खरीद की व्यवस्था करने को प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि सरकार की एकीकृत प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी गयी है। पीएम-आशा योजना में अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद केंद्रीय नोडल एजेंसियों (सीएनए) द्वारा राज्य स्तरीय एजेंसियों के माध्यम से पूर्व-पंजीकृत किसानों से सीधे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाती है। इसके लिए खरीदे जाने वाले उत्पादों के उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) गुणवत्ता मानक तय हैं।

दालों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने में योगदान देने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए, सरकार ने खरीद वर्ष 2024-25 के लिए तुअर, मसूर और उड़द की राज्य के उत्पादन के शत-प्रतिशत के बराबर मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत की खरीद की अनुमति दी है। इस बार के बजट में यह भी घोषणा की है कि दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए शत प्रतिशत उत्पादित तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की खरीद की योजना केंद्रीय नोडल एजेंसियों के माध्यम से अगले चार वर्षों तक जारी रखी जाएगी।

### सार संक्षेप

### इंफोसिस ने प्रशिक्षुओं का मूल्यांकन किया स्थगित

**बेंगलुरु।** सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंफोसिस ने 21 अक्टूबर 2024 और 4 नवंबर 2024 बैच के प्रशिक्षुओं के लिए निर्धारित आंतरिक मूल्यांकन को स्थगित कर दिया है। पहले यह मूल्यांकन 24 फरवरी 2025 को होना था, जिसे अब 18 मार्च 2025 तक के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। इस फैसले से लगभग 1200 कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। यह निर्णय नैसेंट इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईओईएस) द्वारा इंफोसिस के खिलाफ 700 से अधिक प्रशिक्षुओं की कथित अनुचित और गैरकानूनी बर्खास्तगी को लेकर की गई शिकायत के बाद लिया गया है। वहीं, इंफोसिस ने इस स्थगन को प्रशिक्षुओं को अतिरिक्त तैयारी का समय देने की पहल बताया है लेकिन यह तर्क संदेह के घेरे में है क्योंकि 7 अक्टूबर 2024 बैच के प्रशिक्षुओं को बिना किसी अतिरिक्त अवसर के बर्खास्त कर दिया गया था।

### 86,875 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंचा सोना का भाव

**नई दिल्ली।** होली पर गोल्ड की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। एमसीएक्स पर 24 कैरेट गोल्ड के अप्रैल फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स की कीमत गुरुवार को 0.21 प्रतिशत बढ़कर ऑल-टाइम हाई 86,875 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। गोल्ड की कीमतों में तेजी वैश्विक अस्थिरता के कारण बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों में अस्पष्टता के चलते वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बनी हुई है। इस कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड की कीमत बढ़कर 2,945 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, भारतीय बाजार में स्पॉट पर 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 86,670 रुपए प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 84,590 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 77,140 रुपए प्रति 10 ग्राम, 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 70,200 रुपए प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 55,900 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

### फरवरी में यात्री वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली।** सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया गया कि भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग ने इस वर्ष फरवरी में यात्री वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री की है, जिसमें कार और एसयूवी शामिल हैं। साथ ही तिपहिया वाहन सेगमेंट में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, फरवरी के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट आई। दोपहिया वाहनों में मोटरसाइकिल सेगमेंट में गिरावट हुई है, जबकि स्कूटर सेगमेंट की बिक्री सपाट रही है। इस साल फरवरी में यात्री वाहनों की बिक्री में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। यह फरवरी महीने के लिए दर्ज किया गया अब तक का सबसे बड़ा बिक्री का आंकड़ा है।

## व्यापार युद्ध की चिंता में गिरा बाजार

**मुंबई,** 13 मार्च (एजेंसियां)। देश में इस वर्ष फरवरी में खुदरा महंगाई में नरमी आने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में स्थानीय स्तर पर टाटा मोटर्स, मारुति, रिलायंस, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक समेत 22 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स

■ सेंसेक्स 200.85 अंक की गिरावट लेकर 73,828.91 पर

■ निफ्टी 73.30 अंक टूटकर 22,397.20 पर बंद

200.85 अंक की गिरावट लेकर पांच कारोबारी दिवस बाद 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 73,828.91 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.30 अंक टूटकर 22,397.20 अंक पर रहा। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 0.77 प्रतिशत कमजोर रहकर 39,062.82 अंक और स्मॉलकैप 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 43,844.98 अंक पर आ गया। बीएसई के अनुसार, 14 मार्च को होली पर्व के मौके पर अवकाश रहने के कारण बाजार में कारोबार नहीं होगा। अब अगले सप्ताह सोमवार से बीएसई और एनएसई में नियमित रूप से कारोबार होगा।

इस दौरान बीएसई में कुल 4105 कंपनियों के शेयरों




में कारोबार हुआ, जिनमें से 2457 में बिकवाली जबकि 1518 में लिवाली हुई वहीं 130 में कोई कारोबार नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां लाल जबकि अन्य 12 हरे निशान पर रही। बीएसई में पावर और बैंकिंग की 0.14 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 19 में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.69, सीडी 0.87, ऊर्जा 0.44, एफएमसीजी 0.18, वित्तीय सेवाएं 0.28, हेल्थकेयर 0.20, इंडस्ट्रियल्स 0.24, आईटी 0.49, दूरसंचार 0.24, यूटिलिटीज 0.13, ऑटो 0.97, कैपिटल गुड्स 0.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.63, धातु 0.80, तेल एवं गैस 0.30, रियल्टी 1.79, टेक 0.59, सर्विसेज 0.71 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.48 प्रतिशत लुढ़क गए।

एशियाई बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 0.08, हांगकांग का हैंगसेंग 0.58 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39 प्रतिशत उतर गया। वहीं, यूरोपीय बाजार में तेजी रही, जिससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.39 और जर्मनी का डैक्स 0.17 प्रतिशत बढ़ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में जोमैटो 1.97, टाटा मोटर्स 1.95, इंडसइंड बैंक 1.84, एशियन पेंट 0.98, बजाज फाइनेंस 0.94, मारुति 0.93, अडानी पोर्ट्स 0.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.78, रिलायंस 0.73, बजाज फिनसर्व 0.69, अल्ट्रासिम्को 0.66, इंफोसिस 0.65, भारती एयरटेल 0.59, टाइटन 0.49, एचडीएफसी बैंक 0.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.33, टेक महिंद्रा 0.28, नेस्ले इंडिया 0.24, एचसीएल टेक 0.24, एलटी 0.17, एक्सिस बैंक 0.15 और आईटीसी 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एसबीआई 0.67, आईसीआईसीआई बैंक 0.62, एनटीपीसी 0.48, सन फार्मा 0.45, टाटा स्टील 0.37, टीसीएस 0.25, पावरग्रिड 0.19 और कोटक बैंक के शेयरों ने 0.13 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद : मूडीज



■ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा भारत

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। इसकी वजह सरकारी पूंजीगत खर्च में बढ़त और आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती और आय कर में कमी आने से खपत बढ़ने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी मूडीज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 के मध्य में आंशिक रूप से धीमापन आने के बाद भारत की आर्थिक विकास दर तेजी से बढ़ने को तैयार है और यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि सरकारी पूंजीगत व्यय, उपभोग को बढ़ावा देने के लिए मध्यम वर्गीय आय समूहों के लिए इनकम टैक्स में कटौती और मौद्रिक नीति में नरमी से भारत की रियल जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.5 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 6.3 प्रतिशत होगी। मूडीज को उम्मीद है कि भारत की औसत महंगाई दर वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी, जो पिछले वर्ष 4.8 प्रतिशत थी। इससे विकास को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई के पास ब्याज दरों में कटौती की पर्याप्त जगह होगी।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 13 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 41 रिंगिट चढ़कर 4800 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की गिरावट के साथ 41.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।



**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल ꞊ 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## नींद की गंभीर समस्या से जूझ रहे 55 फीसदी स्टार्टअप संस्थापक : टीआईई

**हैदराबाद,** 13 मार्च (एजेंसियां)। लंबे समय तक काम करने का दबाव, वित्तीय अनिश्चितताएं और फंडिंग चुनौतियां, टीम प्रबंधन की जिम्मेदारियां और सोने से पहले स्क्रीन के अधिक उपयोग की वजह से 55 प्रतिशत स्टार्टअप संस्थापक और कारोबारी नींद की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं।

द इंडस एंटरप्रेन्योर्स (टीआईई) ग्लोबल और हार्टफुलनेस की ओर से गुरुवार को जारी एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 55 प्रतिशत स्टार्टअप संस्थापक और कारोबारी लीड नींद की समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या उनकी उत्पादकता, निर्णय लेने की क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है।

सर्वेक्षण में शामिल 260 उत्तरदाताओं में से 55 प्रतिशत स्टार्टअप संस्थापकों को नींद की समस्या का सामना करना पड़ रहा है जबकि 80 प्रतिशत पेशेवरों ने स्वीकार किया




कि नींद की कमी उनके कार्य प्रदर्शन और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता पर असर डालती है। इसके अलावा 19 प्रतिशत उद्यमियों ने अपनी नींद की गुणवत्ता को 'खराब' या 'बहुत खराब' बताया तथा 26 प्रतिशत से अधिक पेशेवर प्रतिदिन छह घंटे से भी कम नींद लेते हैं।

इस सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि तनाव और चिंता नींद की समस्याओं के सबसे बड़े कारण हैं। लंबे समय तक काम करने की मांग, उच्च दबाव वाले निर्णय,

■ समस्या स्टार्टअप संस्थापक की उत्पादकता, निर्णय लेने की क्षमता व समग्र स्वास्थ्य को कर रही प्रभावित

वित्तीय अनिश्चितताएं, टीम प्रबंधन की जिम्मेदारियां और सोने से पहले स्क्रीन के अधिक उपयोग से यह समस्या और गंभीर हो जाती है। हार्टफुलनेस के मार्गदर्शक रेव. दाजी ने कहा कि नींद केवल आराम का साधन नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा को तरोताजा करने का अवसर है। गहरी नींद से अंतर्ज्ञान मजबूत होता है, स्पष्टता उभरती है और मन अधिक संभावनाओं के लिए जागता है। टीआईई के ग्लोबल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के अध्यक्ष मुरली बुक्कापटनम ने कहा कि उद्यमी अक्सर सफलता की तलाश में नींद का त्याग करते हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।